सूविचार

अनुशासन एक ऐसा तरीका है जो उसमे कामयाब हो गया वो हर कार्य में जीत सकता है।

दैनिक

# इंटरनल न्यूज

सच की तह तक....

internalnews@gmail.com

www.internalnews.com

वर्ष : 11 | अंक : 06 | पृष्ठ : 08 | मूल्य 3 रुपये | भोपाल, बुधवार 02 अप्रैल 2025 | RNI NO. MPHIN/2015/61965




## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड के साहिबगंज में दो मालगाड़ियों की टक्कर, लोको पायलट समेत दो की मौत

**नई दिल्ली।** देशभर में रेल हादसों की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। हाल ही में कई घटनाएं हो चुकी हैं। ताजा खबर झारखंड के साहिबगंज से आ रही हैं जहां दो मालगाड़ियों की टक्क र में लोको पायलट समेत दो लोगों की मौत हो गयी हैं। घटना स्थल पर बचाव कार्य जारी हैं। एजेंसी घटना कैसे हुई इसका पता लगाने में लगी हुई हैं। जानकारी के मुताबिक, हादसे में कम से कम पांच रेलकर्मी और एक सीआरपीएफ जवान भी घायल हुए हैं। सभी घायलों का इलाज बरहेट के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। घटना के बाद प्रशासन ने स्थिति का आकलन करने और जांच शुरू करने के लिए एक टीम को मौके पर भेजा। हादसा साहिबगंज जिले के बरहेट थाना क्षेत्र के पास फरक्क ा-लालमटिया एमजीआर रेलवे लाइन पर हुआ। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, खाली मालगाड़ी बरहेट एमटी पर खड़ी थी, तभी लालमटिया से आ रही कोयले से लदी थ्रू-पास मालगाड़ी ने जोरदार टक्क र मार दी। टक्क र तड़के करीब साढ़े तीन बजे हुई।

### मद्रास हाईकोर्ट में पेश हुए कुणाल कामरा, कहा- पुलिस गिरफ्तार करने की कोशिश में लगी

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ अपनी टिप्पणी को लेकर कानूनी मुसीबत में फंसे स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा ने ट्रांजिट अग्रिम जमानत के लिए मद्रास उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। कामरा के खिलाफ मुंबई की खार पुलिस ने मामला दर्ज किया था, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तारी से बचने के लिए कानूनी संरक्षण की मांग करनी पड़ी। उनके वकील ने अदालत के समक्ष दलील दी कि कामरा ने सीधे तौर पर किसी की आलोचना नहीं की है और उनकी टिप्पणियों के पीछे कोई छिपा हुआ एजेंडा नहीं है। हालांकि, पुलिस कथित तौर पर उन्हें गिरफ्तार करने की प्रक्रिया में थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुंदर मोहन ने कामरा को जमानत हासिल करने के लिए वनूर न्यायालय में पेश होने का निर्देश दिया और मामले की सुनवाई 7 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर अपनी टिप्पणी के संबंध में पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं होने पर मुंबई पुलिस के कई अधिकारी शहर में कॉमेडियन कुणाल कामरा के आवास पर गए थे। जवाब में, कामरा ने इस कदम की आलोचना करते हुए इसे 'समय और सार्वजनिक संसाधनों की बर्बादी कहा, क्योंकि वह एक दशक से वहां नहीं रहे हैं।

### कपिल मिश्रा को लगा बड़ा झटका, दिल्ली दंगों में भूमिका को लेकर होगी जांच

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को दिल्ली पुलिस को 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों में कथित संलिप्तता को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता कपिल मिश्रा के खिलाफ आगे की जांच करने का आदेश दिया। यह मामला यमुना विहार निवासी मोहम्मद इलियास द्वारा अगस्त 2024 में दायर एक याचिका से संबंधित है, जिसमें दयालपुर पुलिस स्टेशन के तत्कालीन स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) मिश्रा और तीन भाजपा नेताओं मुस्तफाबाद विधायक मोहन सिंह बिष्ट और पूर्व विधायक जगदीश प्रधान और सतपाल सांसद सहित पांच अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई थी। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वैभव चौरसिया ने फैसला सुनाते हुए कहा कि पहली घटना के संबंध में आगे की जांच शुरू की जाए क्योंकि शिकायतकर्ता ने संज्ञेय अपराध का खुलासा किया है। कपिल मिश्रा के खिलाफ हम आगे की जांच का निर्देश दे रहे हैं क्योंकि हमारा प्रथम दृष्टया मानना ??है कि यह संज्ञेय अपराध है। कपिल मिश्रा को इलाके में देखा गया था। इलियास का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्त ा महमूद प्राचा ने आरोप लगाया कि 23 फरवरी, 2020 को उन्होंने मिश्रा और उनके सहयोगियों को कर्दमपुरी में एक सड़क को अवरुद्ध करते और रेहड़ी-पटरी वालों की गाड़ियों को नष्ट करते देखा। फरवरी में, दिल्ली पुलिस ने अदालत को बताया कि जांच में मिश्रा को गलत तरीके से फंसाने की साजिश का पता चला है। कोर्ट के आदेश पर आप नेता प्रियंका कक्क ड़ ने कहा कि कपिल मिश्रा ने दिल्ली में किस तरह दंगे भड़काए, यह तो सभी ने देखा। भाजपा द्वारा उन्हें बचाने की अनगिनत कोशिशों के बाद भी कोर्ट ने पाया कि कपिल मिश्रा दंगों के दौरान मौजूद थे और उन पर आगे की जांच की जानी चाहिए। क्या वह कैबिनेट मंत्री बनने के लायक हैं? पुलिस को उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार करना चाहिए क्योंकि दिल्ली दंगों के सभी अन्य आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के विश्वास पर खरी उतरी प्रदेश सरकार जीआईएस में मिले 30 लाख करोड़ के निवेश

# दूर कर दी हैं, हमने सारी बाधाएं आप उद्योग लगाएं, सरकार करेगी मददः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की 2500 छोटी-बड़ी औद्योगिक इकाइयों को अंतरित की 1778 करोड़ रुपए की उद्योग प्रोत्साहन राशि**

**भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज मध्यप्रदेश एक नई उड़ान पर है। सरकार की रीति-नीति से निवेशकों में विश्वास का माहौल बना है। प्रदेश में उद्यमी, उद्योगपति, व्यापारी, व्यवसायी सब उत्साहित हैं। हम उद्यमशीलता को बढ़ाने के लिए एक नई धारा, एक नई ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहे हैं। प्रदेश में बिजनेस को सहज बनाने के लिए हमने सारी बाधाएं, सारी रूकावटें दूर कर दी हैं।**



आप बस उद्योग लगाएं, हमारी सरकार उद्योग लगाने से लेकर इसे संचालित करने तक आपकी हर जरूरी मदद करेगी, प्रोत्साहन इन्सेंटिव देगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की ओर से एक निजी होटल में आयोजित उद्योग निवेश सब्सिडी के वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में स्थापित करीब 2500 सूक्ष्म, लघु और मध्यम श्रेणी की औद्योगिक इकाइयों को 1075 करोड़ और छोटे-बड़े (वृहद श्रेणी के) उद्योगों को करीब 703 करोड़ रूपए, इस प्रकार कुल 1778 करोड़ रुपए की उद्योग निवेश सब्सिडी हस्तांतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रिमोट दबाकर सिंगल क्लिक से डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिए सब्सिड़ी राशि उद्यमियों (निवेशकों) के बैंक खाते में ट्रांसफर की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्यमियों का बढ़ता हौसला ही हमारी पूंजी है। जीआईएस से हमें बहुत अच्छा प्रतिसाद मिला है। मध्यप्रदेश में हर निवेशक का स्वागत है, सम्मान है। हमने छोटे-बड़े सभी उद्योगों को प्रोत्साहन दिया है, नए वित्त वर्ष के सालाना राज्य बजट में भी हमने सबका ध्यान रखा है। उन्होंने कहा कि बीते साल हमने 5 हजार 260 करोड़ की उद्योग निवेश सब्सिडी राशि पूरी पारदर्शिता के साथ डीबीटी के जरिए ही निवेशकों के खातों में हस्तांतरित की। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास को नई ऊंचाई प्रदान करने के लिए राज्य सरकार ने नवीन औद्योगिक नीति बनाई है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 का सफल आयोजन हुआ, जिसमें 30 लाख 77 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। सरकार ने संभागीय स्तर पर औद्योगिक इकाइयों का भूमि-पूजन और लोकार्पण प्रारंभ कर दिया है। राज्य सरकार द्वारा औद्योगिक इकाइयों का भूमि-पूजन और उन्हें प्रोत्साहन राशि ट्रांसफर करना, जीआईएस के बाद निवेशकों को प्रोत्साहित करने की अगली कड़ी है।

### किसान कल्याण मोदी सरकार की गारंटी, न्यायिक सुधारों की राज्यसभा में उठी मांग



**नई दिल्ली।** बजट सत्र के अंतिम चार दिन बचे है। इसके हंगामेदार रहने की उम्मीद है। इसका बड़ा कारण यह है कि सरकार बुधवार को वक्फ संशोधन विधेयक को पारित कराने की तैयारी कर रही है। दूसरी ओर प्रतिद्वंद्वी दलों का कड़ा विरोध है। आज ही लोकसभा में शून्यकाल के दौरान विपक्षी सदस्यों का हंगामा देखने को मिला। लोकसभा में तटीय नौवहन विधेयक, 2024 पर चर्चा हुई। राज्यसभा में विपक्ष के नेता खरगे ने जनगणना व जातिगत जनगणना जल्दी कराने की मांग की। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को इस बात पर जोर दिया कि मोदी सरकार कृषि आय बढ़ाने और किसानों को अंतरराष्ट्रीय उर्वरक कीमतों में बढ़ोतरी से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान बोलते हुए उन्होंने कहा, 'हमारा लक्ष्य कृषि आय बढ़ाना है और हम इस लक्ष्य को हासिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। किसान कल्याण मोदी सरकार की गारंटी है।'

सुप्रीम कोर्ट ने हस्तक्षेप से किया इनकार

## जामा मस्जिद में रंगाई-पुताई का खर्च खुद उठाएगी मस्जिद समिति



**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया, जिसमें भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को संभल में शाही जामा मस्जिद के बाहरी हिस्से की सफेदी कराने का निर्देश दिया गया था और कहा गया था कि मस्जिद समिति इस कार्य पर होने वाले खर्च की प्रतिपूर्ति करे। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के संभल जिले में स्थित जामा मस्जिद की पुताई के मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के वकील को विशेष रूप से यह बताने का निर्देश दिया कि मस्जिद की बाहरी दीवार की पुताई को लेकर क्या पूर्वाग्रह है। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने मस्जिद कमेटी की ओर से जताई गई आपत्ति पर यह निर्देश दिया था। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट का रुख किया गया था। मस्जिद कमेटी के वकील एसएफए नकवी ने कहा कि एएसआई केवल मस्जिद के भीतर की दीवार के बारे में बात कर रहा है। अदालत ने संभल के जिलाधिकारी को वर्ष 1927 में प्रशासन और मस्जिद कमेटी के बीच हुए समझौते की मूल प्रति सुनवाई की अगली तिथि 12 मार्च 2025 को पेश करने का निर्देश दिया। इसी समझौते के तहत मस्जिद एएसआई को सौंपी गई थी। नकवी ने दलील दी, जवाबी हलफनामे में एएसआई की रिपोर्ट पर की गई आपत्तियों के पैराग्राफ छह, सात और आठ के कथन से कोई इनकार नहीं किया गया है।

### मस्जिदों की खोदाई पर होसबाले का बड़ा बयान, कहा- अतीत की खोज में लगे रहने से समाज बदलावों से विमुख होगा



**बंगलूरू।** मस्जिदों की खोदाई को आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने निरर्थक बताया है। उन्होंने कहा कि अतीत की खोज में लगे रहने से समाज अन्य महत्वपूर्ण सामाजिक बदलावों पर ध्यान नहीं दे पाएगा और विमुख होगा। जैसे अस्पृश्यता को समाप्त करना, युवाओं में नई भावनाओं का संचार करना तथा संस्कृति और भाषाओं को संरक्षित करना। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने स्वयंसेवकों को काशी विश्वनाथ वाराणसी और श्रीकृष्ण जन्मभूमि मथुरा के पुनर्निर्माण के प्रयासों में भाग लेने से नहीं रोकेगा। एक साप्ताहिक पत्रिका को दिए गए साक्षात्कार में होसबाले ने कहा कि आज समाज धर्मांतरण, गोहत्या, लव जिहाद और कई अन्य चुनौतियों का सामना कर रहा है। इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। विश्व हिंदू परिषद और धर्म गुरुओं ने तीन मंदिरों के बारे में बात की। अगर कुछ स्वयंसेवक इन तीन मंदिरों से संबंधित प्रयासों में शामिल हैं, तो संघ उन्हें रोक नहीं रहा है। होसबाले ने यह भी कहा कि संघ ने राम जन्मभूमि आंदोलन शुरू नहीं किया था।

सड़क पर नमाज के सवाल पर बोले योगी

## कांवरिया तो सड़क पर ही चलेंगे, हमने कभी मोहर्रम के जुलूस को नहीं रोका



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क पर नमाज अदा करने को लेकर पूछे गए सवाल का विस्तार से जवाब दिया। सीएम योगी ने कहा, सड़क चलने के लिए होती है और लोगों को हिंदुओं से अनुशासन सीखना चाहिए। 66 करोड़ लोग प्रयागराज में आए। इस दौरान कहीं कोई लूटपाट नहीं, कोई आगजनी नहीं, छेड़छाड़ नहीं, अपहरण नहीं और कोई तोड़फोड़ नहीं हुई, ये होता है धार्मिक अनुशासन। श्रद्धाभाव के साथ आए, महास्नान के भागीदार बने फिर अपने गंतव्य चले गए।

सीएम योगी ने कहा, %पर्व, त्योहार या कोई इस तरह के कार्यक्रम उदंडता करने के माध्यम नहीं बनने चाहिए। अगर आपको सुविधा चाहिए तो अनुशासन को मानना सीखिए। आप तुलना कर रहे हैं कांवड़ा यात्रा की। कांवड़ा यात्रा हरिद्वार से लेकर गाजियाबाद तक या अन्य क्षेत्रों में जाती है वो सड़क पर ही चलेगी। क्या हमने कभी परंपरागत मुस्लिम जुलूस (मोहर्रम) को कभी रोका है। हां ये जरूर कहा कि ताजिया के साइज थोड़ा छोटे कर लो, क्योंकि हाईटेंशन तार होंगे उसकी चपेट में आओगे मर जाओगे और यही होता है। सीएम योगी ने कहा कि कांवड़ा यात्रा में कांवरियों से भी डीजे के साइज छोटे करने के लिए बोला जाता है, उसमें शक्ति करते हैं। कानून सभी के लिए बराबर लागू किए जा रहे हैं।

### सभी सांसदों की सुरक्षा महत्वपूर्ण, धनखड़ ने रामजी लाल सुमन की सुरक्षा पर जताई चिंता



**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन के द्वारा राणा सांगा पर की गई टिप्पणी मामले में विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। जहां उनकी टिप्पणी के चलते उन्हें कई तरह की धमकियों का सामना करना पड़ रहा है।इसी बीच राज्यसभा अध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि सभी सांसदों की सुरक्षा महत्त्वपूर्ण है। साथ ही उन्होंने समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद राम गोपाल यादव से अपील की कि वे अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके अपने साथी सांसद रामजी लाल सुमन पर की गई धमकियों के मामले को शांत कराएं। बता दें कि सपा सांसद सुमन ने सदन में राणा सांगा को लेकर कुछ टिप्पणियां की थीं, जिन पर भाजपा और एनडीए के सदस्य नाराज हो गए थे। इसके बाद सभापति ने उनकी टिप्पणियों को संसद के रिकॉर्ड से हटा दिया था। इन टिप्पणियों को लेकर सुमन को कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।

लोकसभा में आज पेश होगा वक्फ संशोधन बिल, रिजिजू बोले-

## कुछ भी असंवैधानिक नहीं



**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र में अब केवल चार दिन बचे हैं, ऐसे में इस बात की अटकलें लगाई जा रही हैं कि सरकार बुधवार को संसद में वक्फ संशोधन विधेयक पेश करेगी। सूत्रों ने दावा किया कि वक्फ (संशोधन) विधेयक कल दोपहर 12 बजे संसद में पेश होने की संभावना है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को विधेयक पर सरकार के कदम को उचित ठहराते हुए कहा कि विधेयक तैयार है और उन्होंने सदस्यों से सदन में बहस में भाग लेने की अपील की। केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि विधेयक में कुछ भी असंवैधानिक नहीं है, और कहा कि विपक्ष मुसलमानों को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है कि वक्फ संशोधन विधेयक पारित होने के बाद उनकी मस्जिदें, कब्रिस्तान और जमीनें जब्त कर ली जाएंगी। उन्होंने कहा कि सीएए विरोधी आंदोलन के दौरान भी यही अफवाहें फैलाई गई थीं, लेकिन इसके नियम लागू होने के एक साल बाद भी किसी मुसलमान की नागरिकता नहीं गई। मंत्री ने कहा कि वह लोकसभा में विधेयक पेश करने की तारीख की घोषणा तभी कर पाएंगे जब इस पर कार्य मंत्रणा समिति द्वारा चर्चा की जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 28 मार्च को कहा कि संसद के चालू बजट सत्र में वक्फ (संशोधन) विधेयक को फिर से पेश किया जाएगा। सत्र का दूसरा चरण 4 अप्रैल को समाप्त होगा और इसमें केवल चार कार्यदिवस शेष हैं। शाह ने टाइम्स नाउ समिट 2025 में कहा, हम इसी सत्र में संसद में वक्फ विधेयक पेश करेंगे। शाह ने कहा कि प्रस्तावित कानून से किसी को डरना नहीं चाहिए क्योंकि नरेंद्र मोदी सरकार संविधान के दायरे में वक्फ अधिनियम में संशोधन कर रही है। उन्होंने कहा, विपक्ष मुसलमानों को गुमराह कर रहा है। मुसलमानों के किसी भी अधिकार पर अंकुश नहीं लगाया जाएगा। वे बस झूठ पर झूठ बोल रहे हैं।

## हादसा

गुजरात के बनासकांठा में पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट

# 13 लोगों की जलकर हुई दर्दनाक मौत



**नई दिल्ली।** गुजरात के बनासकांठा जिले के एक औद्योगिक क्षेत्र में मंगलवार को एक पटाखा फैक्ट्री में भयंकर विस्फोट हुआ। इस विस्फोट में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। बनासकांठा कलेक्टर मिहिर पटेल ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए कहा कि अब तक फैक्ट्री के मलबे से 13 शव निकाले जा चुके हैं। पूरा आरसीसी स्लैब ढह गया था। राहत दल मलबा हटा रहा है। इस घटना में घायल हुए चार लोगों की हालत स्थिर है। पुलिस जांच जारी है, आगे की जांच के लिए एफएसएल टीम बुलाई गई है। पटेल के अनुसार, विस्फोट उस समय हुआ जब फैक्ट्री में पटाखे बनाए जा रहे थे। उन्होंने बताया कि परिसर में श्रमिकों के परिवार के सदस्य भी रहते थे और वे भी मलबे में दब गए। उप मंडल मजिस्ट्रेट नेहा पंचाल ने बताया कि विस्फोट के कारण इमारत में आग लग गई और इमारत का एक हिस्सा ढह गया, जिससे कई लोग फंस गए। बनासकांठा के पुलिस अधीक्षक अक्षयराज मकवाना ने बताया कि मलबे में फंसे लोगों को बचाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में मदद के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की एक टीम भी मौके पर मौजूद थी। वहीं, पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के सुंदरबन के सुदूर पथरप्रतिमा इलाके में सोमवार रात एक घर-सह-फैक्ट्री के अंदर संग्रहीत पटाखों में विस्फोट होने से एक परिवार के बच्चों सहित कम से कम आठ सदस्यों की मौत हो गई।

सेवा भारती गांधी आश्रम दिव्यांग बालक छात्रावास में दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण संपन्न

# किशोरियों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास पर की चर्चा



**भोपाल।** सेवा कार्यों में अग्रणी संस्था राष्ट्रीय सेवा भारती के दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण में गुजरात और मध्य भारत के विभिन्न जिलों के कार्यकर्ताओ प्रशिक्षण हुआ सर्वप्रथम राष्ट्रीय सेवा भारती उपाध्यक्ष तथा राष्ट्रीय किशोरी विकास प्रमुख अमिता जैन, राष्ट्रीय सचिव रामेन्द्र सिंह तथा महानगर अध्यक्ष शिव मंगल सिंह ने दीप प्रज्वलन से शुभारंभ कर किया। अमिता जैन ने किशोरी विकास आयाम का उद्देश्य समझाया द्वितीय सत्र में प्रांतीय किशोरी विकास प्रमुख आभा पांडे द्वारा किशोरियों का समग्र विकास करके उनका समाज उपयोगी व्यक्तित्व निर्माण कैसे करें इस पर चर्चात्मक सत्र लिया। सेवा भारती के मीडिया प्रभारी भगवान दास ढालिया ने बताया प्रशिक्षण वर्ग में महानगर संयोजिका सुनीता सूर्यवंशी ने योगासन तथा आशालता पाठक ने ध्यान की बारिकियां सिखाईं। अंकिता बैनर्जी, रचना पुरोहित तथा डॉ. शालिनी अग्निहोत्री ने किशोरियों के शारीरिक मानसिक तथा सामाजिक विकास पर सत्र लिए। चतुर्थ सत्र सोशल मीडिया अतुल विश्वकर्मा द्वारा दी गई पंचम सत्र में महानगर प्रमुख कमलेश सिंह द्वारा किशोरी विकास के नियमित केंद्र बस्तियों में कैसे संचालित होते हैं इस पर प्रकाश डाला गया। समापन सत्र रामेंद्र सिंह द्वारा किशोरियों के प्रकल्प की आवश्यकता क्यों है तथा सेवा भाव से महिलाओं द्वारा इस कार्य को कैसे संचालित किया जाता है इस पर विस्तृत मार्गदर्शन पाकर सभी प्रतिभागी अत्यंत प्रभावित हुए तथा सभी ने संकल्प लिया कि हम अपने अपने स्थानों पर जाकर ऐसे ही केंद्रों का संचालन करेंगे। संचालन पायल सेठ ने तथा आभार प्रदर्शन प्रांत सचिव विमल त्यागी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में करण सिंह कौशिक,मुकेश शर्मा,अमित जैन तड़ैया,मनोज सोनी,सुदामा शर्मा,कुश श्रीवास्तव, दीपाली गुप्ता, तृप्ति अग्रवाल, आराधना गुप्ता,इंदिरा दुबे, सुषमा विश्वकर्मा, दिनेश पवार,मनोज कीर,देवी राम साहू आदि का योगदान रहा।

## भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा के लिए बोरवन क्लब ने श्रद्धालुओं के साथ संयोजक इसरानी को दी शुभकामनाए



**संत हिरदाराम नगर।** भगवान झूलेलाल के अवतरण दिवस जिसे पूरा विश्व चेटीचंड के रूप में मनाया जाता है। इसी अवसर पर संत नगर में हर गली हर मंदिर हर दिल से केवल जय श्री झूलेलाल जी की जय कार हो रही थी। कहीं भजनों की आवाज कही प्रसाद शरबत वितरण, मानो पूरा संत नगर जैसे झूलेलालमय हो गया था। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सिंधी समाज संस्था द्वारा ऐतिहासिक शोभायात्रा का आयोजन हुआ, जिसकी भव्यता देखते ही बन रही थी, युवा हो वृद्ध माताएं और बहने सब ने बिना किसी विशेष निमंत्रण के ,अपने समाज का कार्यक्रम समझ कर समूचा नगर शामिल हुआ। बोरवन क्लब अध्यक्ष जगदीश आसवानी ने शामिल संप्रभुद्धजनों को, मातृ शक्ति, युवाओं सहित विशेष आयोजन प्रभारी एवं बोरवन क्लब संयोजक कन्हैया लाल इसरानी का सफल आयोजन के लिए शुभकामनाओं सहित आभार व्यक्त किया।

क्षत्रिय लोणारी कुनबी समाज युवा संगठन का होली मिलन कार्यक्रम हुआ

# समाज की प्रतिभाओं का किया सम्मान भक्ति गीतों पर फूलों से खेली होली




भोपाल

क्षत्रिय लोणारी कुनबी समाज युवा संगठन कोलार रोड द्वारा हिन्दू नव वर्ष, होली मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन राजहर्ष स्थित एकता पार्क में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुलताई विधायक चन्द्रशेखर देशमुख एवं भाजपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्रपती शिवाजी महाराज के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ववलन एवं पूजन के साथ हुआ। तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चन्द्रशेखर देशमुख ने समाज हित में आयोजित किए जा रहे इस कार्यक्रम के लिए संगठन के पदाधिकारियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि मेरे विधानसभा क्षेत्र के कई परिवार यहां मिलकर ऐसा आयोजन करते है। उन्होंने कहा कि हम बच्चों को शिक्षित करे और आगे बढ़े लेकिन बाहर आकर भी गांव का ध्यान रखे। उन्होंने अपने पारंपरिक व्यवसाय खेती पर जोर देते हुए कहा कि खेती न बेचे क्योंकि यह हमारे पूर्वजों की अनमोल धरोहर है। इससे पूर्व कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों एवं विद्यार्थियों के साथ ही प्रतिवानों का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के समापन पर भक्ति गीतों के साथ फूलों की होली खेली गई। इस अवसर पर संगठन अध्यक्ष भोजराज मगरदे, सचिव राजू पाटनकर, उपाध्यक्ष दुर्गादास देशमुख सहित प्रकाश साबले, अमृतराव धाड़से, गणेश काले, अशोक धोटे, जगन्नाथ सातव, जगन मगरदे, रामकृष्ण काले सहित बड़ी संख्या में समाज के नागरिक, महिलाएं और बच्चे मौजूद रहे।

## 51 किलो के कलश की होगी स्थापना



**भोपाल।** 51 किलो के कलश की स्थापना के लिए कलश यात्रा निकाली जाएगी। जों आदर्श नगर होते हुए पुट्ठा मिल काली देवी मंदिर होते हुए हमीदिया रोड माता मंदिर पर समापन होंगी जिसमें बग्गी घोड़े और डीजे शामिल रहेंगे। पूरन चौरसिया ने बताया कि 51 किलो का पीतल का क्लश एवं 21,21 किलो के चार क्लश की भी स्थापना हमीदिया रोड दुर्गा मंदिर के शिखर पर होगी। मंदिर समिति अध्यक्ष राजा भैया ने बताया कि शिखर कलश 51 किलो वजनी रहेगा। इसकी स्थापना मंदिर समिति अध्यक्ष राजा भैया सचिव राजेंद्र सैनी पूरन चौरसिया, विष्णु राठौर, धर्मेंद्र चौरसिया, बबलू शर्मा एवं शैलेंद्र कपूर के सहयोग से की जा रही है।

## कलश यात्रा के साथ प्रतिमा स्थापना



**भोपाल।** संकट हरण हनुमान मंदिर दिव्या दरबार के प्रांगण में मां काली जी भैरव नाथ जी स्थापना की गई। जिसमें महंत राघव शुक्ला महाराज ने बताया कि मंदिर बड़ा ही प्राचीन है यहां श्री हनुमान महाराज, शंकर, शनिदेव राधा कृष्ण मां दुर्गा का बाल स्वरूप तथा प्रेतराज सरकार इत्यादि के मंदिर प्रमुख हैं। मां काली की स्थापना भागमती देवी के माध्यम से तथा सुभाष सांगेकर, कृष्णा चौरसिया बजरंग दल जिला सहसंयोजक बृजेंद्र प्रजापति, सीताराम, अनिल मेहरा, लालाराम रजक विनय, राकेश वर्मा, अरुण गिरी, दिनेश एवं समस्त संकट हरण हनुमान मंदिर के महिला मंडल एवं पुरुष मंडल के सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## कलर्स रिश्ते डीडी फ्री डिश पर उपलब्ध हुआ

कलर्स रिश्ते भारत के लाखों टीवी दर्शकों के लिए अपने लोकप्रिय शोज़ भारत के सबसे बड़े फ्री-टू-एयर प्लेटफ़ॉर्म डीडी फ्रीडिश पर पेश कर रहा है। ये प्रोग्राम 1 अप्रैल से चैनल नंबर 50 पर मुफ़्त में देखे जा सकेंगे। ये लोकप्रिय शोज़ तीन साल के अंतराल के बाद फिर से टीवी पर प्रसारित हो रहे हैं, जो एक बार फिर पूरे देश के दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं। सुपरनैचुरल, फैंटेसी, फैमिली ड्रामा, माइथोलॉजी, और रियलिटी की शैलियों में कलर्स रिश्ते के विविध प्रोग्राम एक बार फिर घर-घर में लोकप्रिय हो जाएंगे।

# त्राटक के अभ्यास से एकाग्रता एवं दृष्टि शक्ति बढ़ती है: योग गुरु महेश अग्रवाल



**भोपाल।** आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल कई वर्षो से नि:शुल्क योग प्रशिक्षण के द्वारा लोगों को स्वस्थ जीवन जीने की कला सीखा रहें है, वर्तमान में भी ऑनलाइन एवं प्रत्यक्ष माध्यम से यह क्रम अनवरत चल रहा है । योग प्रशिक्षण के दौरान केंद्र पर आने वाले साधकों को एकाग्रता के अभ्यास के बारे में एवं आँखों की दृष्टि शक्ति कैसे बढ़ाई जा सकती है उसके बारे में बताया जाता है । हर साल 1 से 7 अप्रैल तक अंधेपन की रोकथाम सप्ताह मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य आंखों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और अंधेपन को रोकने के महत्व पर प्रकाश डालना है। योग गुरु अग्रवाल ने आँखों को स्वस्थ रखने के योग अभ्यास के बारे में बताया कि पामिंग (आँखों पर हथेलियाँ रखना) , अगल-बगल देखना , सामने और बगल में देखना , आँखों को गोलाकार घुमाना , ऊपर - नीचे देखना पास और दूर देखना और सबसे महत्वपूर्ण अभ्यास है त्राटक । त्राटक का अर्थ होता है , लगातार टकटकी लगाकर देखना । त्राटक के अभ्यास से एकाग्रता बढ़ती है । मन बहुत शक्तिशाली है , लेकिन इच्छाओं और ऊर्जा को नष्ट करने वाले खेल-तमाशों आदि के माध्यम से मन की यह शक्ति चारों ओर बिखर गई है । यदि हम इस बिखरी हुई मानसिक शक्ति को आध्यात्मिक या भौतिक किसी भी एक उद्देश्य की पूर्ति के लिये उपयोग में लायें तो हमें निश्चित रूप से सफलता मिलेगी । हम निरन्तर ज्ञानेन्द्रियों से प्राप्त सूचनाओं के विस्फोट की चपेट में रहते हैं । अनगिनत विचार हमारे मन से होकर गुजरते रहते हैं और उनके प्रति हम अनभिज्ञ ही रहते हैं । अपनी मानसिक क्रियाशीलता के प्रति हम तभी जागरूक होते हैं । जब हम विश्रांत होकर कुछ हद तक इन्द्रियों के प्रति अपनी जागरूकता या उन्मुखता को कम कर देते हैं । आंतरिक या बाह्य किसी एक वस्तु पर एकाग्र होने के लिए मन को नियंत्रण में रखना होगा ताकि वह विभ्रान्त न हो सके । इसका एक उपाय यह है कि एकाग्रता के लिए किसी ऐसी चीज का चुनाव कर लें जो मन को शान्ति दे और उसे स्थिर बनाये । इस उद्देश्य से मंत्र, फूल, गुरु का चित्र, कोई देवी-देवता या मोमबत्ती की लौ में से कुछ भी चुना जा सकता है । त्राटक का अभ्यास प्रारम्भ करने के लिए मोमबत्ती की लौ सर्वाधिक आसान और व्यावहारिक है। त्राटक की दो अवस्थायें हैं, बाह्य त्राटक और अन्तर्त्राटक ।

## रचना नगर योग साधना केंद्र महाराष्ट्र मंडल की महिलाओं ने हिंदू नववर्ष का उत्साह से किया स्वागत



**भोपाल।** महिलाओं ने हिंदू नववर्ष का भी उत्साह से स्वागत किया। दो घंटे से ज्यादा चले कार्यक्रम में महिलाओं ने कई गेम्स में उत्साह से हिस्सा लिया। एक मिनट में भजन ज्यादा से ज्यादा गाने का कांपिटीशन , योग के 5 फायदे और भी कई रोचक प्रस्तुति दी गई । इसमें कविता अग्रवाल, डॉ अनामिका रावत,किरण, बलजीत, भावना , ज्योति मंजू,, शर्मा आंटी,आदि ग्रुप की महिलाओं ने भाग लिया । नए साल के स्वागत में सभी ने एक बार पुन:आज के दौर में परिवार के अंदर सनातन मूल्यो को बढ़ावा देने की बात पर जोर देते हुए एक-दूसरे को गुलाल लगाया और उसके बाद पुन: फूलों की होली का क्रम शुरू हुआ। गानों पर डांस का उत्साह से भागीदारी की।

## एक्सएलआरआई ने पीजीडीएम और पीजीडीएम 2023-25 बैच के लिए प्लेसमेंट हासिल किया

**जमशेदपुर।** ज़ेवियर स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट - एक्सएलआरआई ने पीजीडीएम (बीएम) और पीजीडीएम (एचआरएम) 2023-25 बैच के लिए अपने अंतिम प्लेसमेंट को सफलतापूर्वक संपन्न कर लिया है, जो भारत के प्रमुख बिज़नस स्कूल के रूप में अपनी विरासत को मज़बूत कर रहा है। एक्सएलआरआई जमशेदपुर और एक्सएलआरआई दिल्ली एनसीआर कैम्पस से कुल 591 विद्यार्थियों ने इस प्रक्रिया में भाग लिया, जिसमें 172 भर्तीकर्ताओं ने 600 से अधिक ऑफ़र दिए, जिनमें दो अंतरराष्ट्रीय ऑफ़र और 41 नए भर्तीकर्ता शामिल थे।बाज़ार की चुनौतीपूर्ण स्थितियों के बावजूद, मीडियन (माध्यिका) वेतन 29 लाख रुपये प्रति वर्ष तक पहुँच गया, शीर्ष 10 प्रतिशत ने औसत 52.03 लाख रुपये प्रति वर्ष हासिल किया और शीर्ष 25 प्रतिशत ने 44.35 लाख रुपये प्रति वर्ष हासिल किया। उच्चतम अंतरराष्ट्रीय ऑफर 1.10 करोड़ रुपये का था, जबकि उच्चतम घरेलू पैकेज 75 लाख रुपये प्रति वर्ष तक पहुँच गया।उद्योग जगत से संबंधित लोग एक्सएलआरआई प्रतिभा पर भरोसा करते हैं। प्लेसमेंट सीज़न में 34.17 प्रतिशत विद्यार्थियों को प्री-प्लेसमेंट ऑफर प्राप्त हुए।

## भानपुर मंडल का होली मिलन समारोह आयोजित

**भोपाल।** भानपुर मंडल अध्यक्ष निलेश गौर, वार्ड 72 के पार्षद, जोन 16 के अध्यक्ष विकास पटेल, वार्ड 73 के पार्षद राजू राठौर, वार्ड 74 की पार्षद शकुन सिंह लोधी, विधायक प्रतिनिधि विनोद साहू के नेतृत्व में आयोजित होली मिलन समारोह को मध्यप्रदेश शासन पिछड़ा वर्ग, अल्प संख्यक, घुमंतू अर्ध घुमंतू कल्याण विभाग की राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), गोविंदपुरा विधानसभा की विधायक कृष्णा गौर ने किया संबोधित । कृष्णा गौर ने कहा होली हमे सिखाता है कि, व्यक्ति जितना भी ताकतवर, रसूखदार हो बुराई और अधर्म का अंत होता है, आपस में एक दूसरे से मिलकर खुशियां बाटने, बड़ों का सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त करने का त्यौहार है । भारतीय नव वर्ष गुड़ी पड़वा, चैत्र नवरात्र से शुभारंभ होता है, पूरा देश भक्तिमय हो जाता है । त्यौहार के माध्यम से हमें एक स्थान पर मिलने का अवसर तथा आनंदित होने का अवसर प्रदान होता है । एक मात्र भारतीय जनता पार्टी है जो देश, धर्म तथा मानव कल्याण के हित में कार्य करती है । कृष्णा गौर ने सबके परिवार में सुख, समृद्धि, खुशहाली की माता रानी से की प्रार्थना । मंडल अध्यक्ष निलेश गौर, पार्षद विकास पटेल, पार्षद राजू राठौर, पार्षद शकुन सिंह लोधी, विधायक प्रतिनिधि विनोद साहू ने भी किया संबोधित ।

## अमेजन फ्रेश भारत के छोटे शहरों में पहुंचा रहा है गुणवत्तापूर्ण किराने का सामान

**बेंगलुरू।** अमेजन इंडिया ने अपनी फुल-बास्केट ग्रॉसरी सर्विस अमेजन फ्रेश के देश के 170 से ज़्यादा शहरों एवं कस्बों में पहुंचने की घोषणा की है। 2023 की दूसरी तिमाही के मुकाबले 2024 की दूसरी तिमाही में अमेजन फ्रेश ने साल-दर-साल आधार पर शानदार 50 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है। इस तेज विस्तार के साथ अमेजन पर सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली श्रेणियों में शामिल हो गया है। अमेजन फ्रेश गीले और सूखे किराने के सामान की एक विस्तृत रेंज प्रदान करता है, जिसमें फल, सब्ज़ियां, दूध और ब्रेड सहित डेयरी, फ्रोजन उत्पाद, सौंदर्य प्रसाधन, बेबी केयर के जुड़े सामान, पर्सनल केयर प्रोडक्ट और पेट सप्लाई शामिल है। ग्राहकों को शानदार बचत, विशाल संग्रह और स्लॉटेड डोरस्टेप डिलीवरी की सुविधा के साथ इस सेवा का उद्देश्य खरीदारी का एक बेहतरीन अनुभव प्रदान करना है। अमेजन फ्रेश इंडिया के डायरेक्टर श्रीकांत श्री राम ने कहा 170 से ज़्यादा शहरों/कस्बों में हमारे विस्तार से अमेजन फ्रेश को भारत के टियर-2, टियर-3 शहरों/कस्बों और उससे आगे भी अपनी पहुंच बढ़ाने का मौक़ा मिला है। अमेजन फ्रेश के इस विस्तार से किफायती कीमत पर बेहतरीन गुणवत्ता वाला किराने का सामान ग्राहकों को आसानी से उनके घर पर प्राप्त हो रहा है। 2023 की दूसरी छमाही के मुकाबले 2024 की दूसरी छमाही में हमने 50 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है। इसके साथ ही शानदार बचत, यहां उपलब्ध विशाल संग्रह और विश्वसनीय स्लॉट डिलीवरी को लेकर ग्राहकों ने अमेजन फ्रेश की सेवाओं की सराहना की है

## शेरा एनर्जी ने शेरा मेटल में 86 प्रतिशत हिस्सेदारी बढ़ाई

**मुंबई।** शेरा एनर्जी लिमिटेड जो नॉन फेरस धातुओं से बने वाइंडिंग वायर और स्ट्रिप्स के प्रमुख निर्माताओं में से एक है, ने अपनी सहायक कंपनी, शेरा मेटल प्राइवेट लिमिटेड में अतिरिक्त निवेश को मंजूरी दी है। शेरा एनर्जी लिमिटेड अपनी सहायक कंपनी शेरा मेटल प्राइवेट लिमिटेड में हिस्सेदारी 82.13 प्रतिशत से बढ़ाकर 85.56 प्रतिशत करने जा रही है। यह अधिग्रहण 3.43 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी (35,00,000 इक्विटी शेयर) के जरिए किया जाएगा, जिसकी कुल कीमत ?10.15 करोड़ होगी। शेरा मेटल प्राइवेट लिमिटेड गैर-लौह धातु उत्पादों के निर्माण में अग्रणी है और बस बार, ट्यूब्स व विभिन्न औद्योगिक सेक्शनों का उत्पादन करती है। शेरा मेटल ने वित्त वर्ष 2024 में शानदार प्रदर्शन किया, 294.43 करोड़ के कारोबार के साथ अपनी मजबूती साबित की। शेरा एनर्जी अपने विस्तार को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की योजना बना रही है। हिस्सेदारी बढ़ाने के साथ, कंपनी नए बाजारों में प्रवेश और उत्पाद नवाचार पर फोकस करते हुए खुद को उद्योग के प्रमुख खिलाड़ियों में स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। शेरा एनर्जी लिमिटेड अपने व्यापार पोर्टफोलियो को मजबूत करने और नॉन फेरस धातु क्षेत्र में अपनी नेतृत्वकारी स्थिति को और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह अधिग्रहण दीर्घकालिक संचालन उत्कृष्टता और सतत विकास की दिशा में एक रणनीतिक कदम है।निवेश पर प्रतिक्रिया देते हुए, शेरा एनर्जी लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री नसीम शेख ने कहा- यह रणनीतिक निवेश गैर-लौह धातु क्षेत्र में शेरा एनर्जी की स्थिति को मजबूत करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। शेरा मेटल प्राइवेट लिमिटेड में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर, हम नवाचार को बढ़ावा देने, नए बाजारों में विस्तार करने और अपनी उत्पादन क्षमताओं को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं।यह निर्णय शेरा मेटल प्राइवेट लिमिटेड की विकास क्षमता में हमारे विश्वास को दर्शाता है और सतत विकास की हमारी दीर्घकालिक दृष्टि के अनुरूप है। हमें पूरा विश्वास है कि यह अधिग्रहण सामंजस्य पैदा करेगा, दक्षता में सुधार करेगा और मूल्य सृजन के नए अवसर खोलेगा।

# टैक्स प्रैक्टिशनर एसोसिएशन के क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन, टीम ब्राउन ने जीता खिताब

भोपाल

टैक्स प्रैक्टिशनर एसोसिएशन द्वारा अपने सदस्यों के लिए सोमवार को एक बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन रनआउट टर्फ पर किया गया। जिसमें सदस्यों की छह टीमों ने भाग लिया, पहले लीग मुकाबले खेले गए तत्पश्चात दो सेमीफाइनल व फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच में कड़े मुकाबले में टीम ब्राउन ने डार्क ग्रीन की टीम को तीन विकेट से हरा दिया। प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी कृशनेंद्र कोचर सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज आशु लोया एवं सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज अभिषेक जैन रहे। इस प्रतियोगिता में संस्था के युवा एवं वरिष्ठ सभी सदस्यों ने भाग लिया। समारोह की शुरुआत में वरिष्ठ अधिवक्ता विजय शर्मा, वरिष्ठ जन आर के पारेख, ओ पी काबरा, राजेश्वर दयाल, अभय राजपूत, टैक्स ला बार के अध्यक्ष मृदुल आर्य, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक खरे एवं सचिव मनोज श्रीवास्तव एसोसिएशन के चेयरमैन अर्पित राय, अभिषेक जैन पीयूष चत्तर उपस्थित रहे ।



टूर्नामेंट कोऑर्डिनेटर प्रेम मोटवानी ने बताया कि प्रतियोगिता हेतु सभी सदस्य पिछले 7 दिनों से अभ्यास कर रहे थे एवं सभी ने खेल भावना के साथ इस आयोजन को सफल बनाया। हमें इस टूर्नामेंट के सफल आयोजन पर गर्व है और हम उम्मीद करते हैं कि आने वाले वर्षों में यह और भी बेहतर होगा। इस अवसर पर संस्था के सचिव नीलेश कुशवाहा, उपाध्यक्ष मुकेश पांडे, कोषाध्यक्ष प्रशांत काबरा सहसचिव हरी सिंह वर्मा, पी आर ओ जयंत जोशी एवं सुरेन्द्र साहू, अमन राजपूत, दीपक चक्रवर्ती, विनोद ठाकुर, धीरज अग्रवाल समेत वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे 7 पुरस्कार वितरण के समय सुनील गौतम, भूपेश खुरपिया, बच्चन आचार्य, संतोष शाक्य, मनीष त्रिपाठी, मनोज पारेख, राजेन्द्र पुरोहित आदि के द्वारा दिया गया। मयंक अग्रवाल के इस आयोजन के सफल बनाने के लिए अथक प्रयास रहे।

## आज से 19 नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में एक अप्रैल से बंद हो जाएंगी शराब की दुकानें

**- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की घोषणा पर हुआ अमल**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश के 19 धार्मिक नगरों एवं ग्राम पंचायतों में की गई शराब बंदी की घोषणा पर एक अप्रैल 2025 से अमल शुरू हो जायेगा। आज से उज्जैन, ओंकारेश्वर, महेश्वर, मण्डलेश्वर, ओरछा, मैहर, चित्रकूट, दतिया, पन्ना, मण्डला, मुलताई, मंदसौर और अमरकंटक की सम्पूर्ण नगरीय सीमा में एवं सलकनपुर, कुण्डलपुर, बांदकपुर, बरमानकलां, बरमानखुर्द और लिंगा की ग्राम पंचायत सीमा में समस्त मदिरा दुकानों एवं बार को बंद किया जाएगा। धार्मिक स्थान पर शराब बंदी का निर्णय लिया उसमें एक नगर निगम, 6 नगर पालिका, 6 नगर परिषद और 6 ग्राम पंचायतें शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा नशामुक्ति की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया गया।

## धार्मिक आयोजनों में शामिल हुए सांसद बंटी विवेक साहू

**छिन्दवाड़ा।** थांवरी, घाट परासिया और चारगांच कर्बल में चल रहें धार्मिक आयोजन एवं भागवत कथा के कार्यकर्मों में शामिल होने के लिये सांसद बंटी विवेक साहू पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने धार्मिक आयोजनों एवं भागवत कथा में पहुंचकर कथा वाचकों का आर्शीवाद लिया और क्षेत्रवासियों के साथ कथा भी सुनी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष पटेल, दिनेश कांत मालवी, बंटी पटेल, सरपंच धर्मेन्द सानिया, मंडल अध्यक्ष रमाकांत पटेल, सौरभ ठाकुर, जितेन्द्र राय, धर्मेन्द चौधरी, गोपाल रघुवंशी, बलमान चौरिया, मनीष साहू, मनोहर शिवहरे, राजेश रघुवंशी, भरतराम रघुवंशी, सतीष साहू, सुधीर साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थें।

## नगर पालिका अध्यक्ष ने धार्मिक स्थलों का निरीक्षण कर सफाई व अन्य व्यवस्थाएं देखी



**परासिया।** नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने रविवार को सुबह छह बजे धार्मिक स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान धार्मिक स्थलों की स्वच्छता और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। एवं नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय के साथ दीपक राय, सलीम खान उपस्थित रहे। पालिका अध्यक्ष ने गणेश मंदिर, सिद्धेश्वरी मंदिर, शिव मंदिर, खेडापति मंदिर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक्तानुसार दिशा निर्देश दिए। उन्होंने ईदगाह का दौरा भी किया। रमजान की समाप्ति के बाद होने वाली ईद की नमाज के लिए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सभी धार्मिक स्थलों पर नवरात्र में नियमित सफाई करने के निर्देश दिए। साथ ही धार्मिक स्थलों के आसपास मांस मटन की दुकाने नहीं लगाने के भी निर्देश दिए।

## ईद की मुबारकबाद देने भाजपा कार्यकर्ताओं के घर पहुंचे सांसद

**छिंदवाड़ा।** ईद उल फितर के मौके पर सांसद श्री बंटी विवेक साहू भाजपा कार्यकर्ताओं के घर पहुंचे और मुबारकबाद दी। वे दोपहर में भाजपा अल्प



संख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष रिज़वान कुरैशी के घर पहुंचे और उनसे तथा उनके परिजनों से मिलकर बधाई दी। इससे पूर्व वे मोर्चे के पूर्व जिला अध्यक्ष मोहम्मद राशिद, गयासुद्दीन पाशा, हाजी आसिफ खान बंटी, ज़ाकिर हुसैन सहित अन्य कार्यकर्ताओं के घर भी गए और ईद उल फितर की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मंडल वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष पटेल, दिनेश कांत मालवी, अध्यक्ष सौरभ ठाकुर, अंशुल शुक्ला, नवीन बारसकर, जितेन्द्र राय, मोनू राय, मनेश सोनी, धर्मेन्द सूर्यवंशी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## सांसद ने विकास कार्यो के लिए दी 31 लाख की सौगात

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने छिंदवाड़ा शहर सहित अन्य स्थानों पर विभिन्न विकास कार्यों के लिए 31 लाख की सांसद निधि स्वीकृत की है। इस राशि से कलार समाज,ब्रम्ह समाज व परमपूज्य परमात्मा एक सेवक मंडल सहित अन्य जगहों पर विभिन्न विकास कार्यों के लिए यह राशि स्वीकृत की है।

# रोटरी क्लब छिंदवाड़ा ट्रस्ट द्वारा 7 शासकीय स्कूलों को शुद्ध पीने के पानी हेतु प्यूरीफायर प्रदान किए

**छिंदवाड़ा।** सेवा भावी कार्यों में अग्रणी रहने वाली संस्था रोटरी क्लब छिंदवाड़ा ट्रस्ट द्वारा सोमवार 31मार्च को छिंदवाड़ा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले 7 शासकीय स्कूलों के बच्चो को साफ जल सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से वाटर प्यूरीफायर का वितरण उन स्कूलों के संस्था प्रमुखों को रोटरी क्लब छिंदवाड़ा ट्रस्ट के अध्यक्ष संदीप सिंह चंदेल,सचिव अर्पित नेमा,कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल,रोटरी क्लब छिंदवाड़ा के अध्यक्ष दीपक खंडेलवाल, मनोज अग्रवाल,विनोद तिवारी,अरविंद अग्रवाल,नीलेश गुप्ता,नीलेश लाठ,रूपल अग्रवाल शिक्षा विभाग से बीआरसी अजय केकतपूरे ,गजेंद्र ठाकुर ने अपने हस्ते सभी उपस्थित 7शासकीय स्कूलों के प्रमुखों को प्रदान किए। जिन विद्यालयो में वाटर प्यूरीफायर प्रदान किए गए उनमें शासकीय प्राथमिक शाला शिक्षक कॉलोनी के लिए प्रमुख श्वेता शर्मा, शासकीय प्राथमिक शाला सुरगी से शिक्षक मोहनलाल,शासकीय प्राथमिक शाला इमलिया वोहता हेतु श्रीमती कल्पना ठाकुर,शासकीय माध्यमिक शाला खापाभाट से प्रमुख श्रीमती कल्पना मिश्रा ,शासकीय माध्यमिक शाला सर्रा हेतु प्रमुख श्रीमती हेमलता दोडके,शासकीय प्राथमिक शाला इंद्रा आवास राजाखोह से प्रमुख श्रीमती नंदनी काकोडीया,शासकीय प्राथमिक शाला गोली टोला से प्रमुख रमेत चंद्रवंशी ने स्कूलों के लिए प्यूरीफायर प्राप्त किए।इस अवसर पर रोटरी क्लब छिंदवाड़ा ट्रस्ट के अध्यक्ष संदीप चंदेल ने कहा की हमारा ट्रस्ट हमेशा स्वस्थ, शिक्षा के क्षेत्र में प्राथमिक रूप से जरूरत मंद लोगो की मदद के लिए हमेशा अग्रणी रहता है इसी के अंतर्गत हमारे शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को शुद्ध पीने का पानी मिले इस हेतु हम लोगो ने यह पहल की है।आगे भी हम शिक्षा स्वास्थ के क्षेत्र में जहां कही आवश्यकता होगी हर




संभव मदद करेगे।रोटरी क्लब छिंदवाड़ा के अध्यक्ष दीपक खंडेलवाल ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा की आप सभी शिक्षक साथी अच्छी शिक्षा देने का कार्य करे।उन बच्चो की जरूरत की जीचो का इंतजाम हम लोग करेगे।बच्चे पढ़ेऔर आगे बढ़े। बीआरसी अजय केकतपुरे ने कहा की रोटरी क्लब हमेशा हमारे शासकीय विद्यालयों में बच्चो के शिक्षण कार्य में परमार्थ के कार्य करते रहा है। मैं रोटरी क्लब छिंदवाड़ा ट्रस्ट को शिक्षा विभाग एवम सभी विद्यालयों की और से धन्यवाद ज्ञापित करता हु। एवम आपके नेक कार्य की प्रशंसा करता हु।इस अवसर पर रोटेरियन विनोद तिवारी ने कहा की शिक्षा के क्षेत्र में रोटरी क्लब द्वारा पूर्व में भी आवश्यकता वाले विद्यालय में फर्नीचर ,पुस्तक कॉपीया,पंखे कंप्यूटर लैब स्मार्ट क्लास हेतु स्मार्ट टीवी प्रदान कर चुका है आगे भी बच्चो के हित में सेवा भावी कार्य करते रहेंगे।कार्यक्रम के अंत में शिक्षा विभाग से गजेंद्र सिंह ठाकुर ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### शहर कांग्रेस सेवादल उप ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक

**छिन्दवाड़ा।** राजीव कांग्रेस भवन स्थित कांग्रेस सेवादल के कार्यालय में शहर कांग्रेस सेवादल उप ब्लॉक अध्यक्षों की एक आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। आयोजित बैठक में प्रत्येक वार्ड एवं बूथ स्तर पर कांग्रेस सेवादल का गठन किया जाएगा साथ ही अप्रैल माह में सम्पन्न होने वाले धार्मिक आयोजनों में सहभागिता पर चर्चा की गई।दिनांक 6 अप्रैल को रामनवमीं, 10 अप्रैल को महावीर जयंती, 12 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव व 14 अप्रैल को संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अम्बेड़कर जयंती की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। आयोजित बैठक में कांग्रेस सेवादल उप ब्लॉक अध्यक्ष व वार्ड अध्यक्षगण व बूथ प्रभारीगण उपस्थित रहे।

## इस वर्ष सभी धर्मों के उपवास तिथि का एक साथ योग बना



**परासिया।** क्षेत्र के चांदामेटा में इस वर्ष एक अनोखा करिश्मा देखने को मिला। जिसमे सभी धर्मों की उपवास तिथि का एक साथ योग बना । इस संदर्भ में चांदामेटा में एक छोटा सा आयोजन किया गया । ज्ञात हो कि मुस्लिम भाइयो के रोजे आज ही समाप्त हुए है । नव रात्रि पर्व के उपवास प्रारम्भ हो चुके है । हमारे ईसाई भाइयो के उपवास प्रारम्भ है । सिख भाइयों के भी त्योहार एवम अरदास प्रारम्भ है । जैन समाज के भी पर्व प्रारम्भ है । यह शुभ अवसर बहुत कम देखने को मिलता है । इसे प्राकृतिक का नियम कहे । या फिर कुदरत का करिश्मा कहे । इस अवसर पर चांदामेटा कौमी एकता गुरूप के तत्वाधान में सभी धर्मों के मानने बाले व्यक्तियों को आमन्त्रित किया गया । एवं परिचर्चा की गई । श्री बसन्त मालवी श्री शरीफ जागीरदार श्री सरदार शेर सिंह श्री सैफ खान श्री अजय साइमन ने अपने अपने विचार रखे । श्री शरीफ जागीरदार ने कहा कि ऐसा योग बहुत कम ही आता है कि सभी धर्मों के उपवास एक साथ हो । बसन्त मालवी ने कहा कि उपवास ,,रोजा रखने से सुख शान्ति सम्ब्रा द्धि ,,अमन चैन की प्राप्ति होती है । इस विशेष कार्यक्रम के लिए । कौमी एकता गुरूप को धन्यवाद देता हूं । कार्यक्रम में पधारे सभी धर्म के लोगो का सम्मान किया गया । सभी को मिठाई एवं स्वल्पाहार कराया गया । कार्यक्रम में सर्व श्री शरीफ जागीरदार बसन्त मालवी मोहम्मद अजहर अमजद भाई सरदार शेर सिंग सैफ खान अताउल् रहमान खान शकील खान सुनील शिव शेख तौसिफ सादिक सर इरसाद भाई रिक्की भाई उमर खान इरसाद खान बकील अजय साइमन जानू भाई मोहम्मद जाफर भाई मोहम्मद खालिक साजिद भाई इस्माइल लाला साबिर खान कुलदीप सोमकुंवर वाहिद पठान विनोद बुनकर बसन्त कुमार महात्मा विलियम जार्ज गोपाल विश्वकर्मा एडवोकेट फैज जागीरदार यश कुमार शिव इस्ताक भाई । एंव कौमी एकता गुरूप के सदस्यगण उपस्थित थे ।कार्यक्रम का आयोजन एडवोकेट शरीफ जागीरदार और आई सेट के संचालक सुनील कुमार शिव द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में शामिल होगा सभी समाज और वर्ग के लोगों ने इस कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की।

### अलीपुर में मुख्य नमाज ईदगाह पर अदा की गई

## आष्टा में ईद उल फितर पर मांगी अमन चैन की दुआ एक दूसरे को गले मिलकर दी ईद की बधाई

**आष्टा।** आष्टा में ईद का त्योहार बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया आष्टा के अलीपुर क्षेत्र में ईदगाह पर शहर काजी आरिफ फजले साहब ने ईद की नमाज अदा करवाई और देश के लिए अमन चैन की दुआएं मांगीं।सभी मुस्लिम भाइयों ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी और इस अवसर पर मिठाइयां बांटीं।



बता दें कि ईद उल फितर पर शहर में अलीपुर स्थित ईदगाह पर सुबह 7.30 बजे शहर आरिफ फजले साहब ने ईद की नमाज अदा कराई साथ ही सभी मस्जिदों में जिसमें प्रमुख रूप से पुराना बस स्टैंड मस्जिद, काजीपुरा, किला सहित अन्य मस्जिदों में निर्धारित समय पर ईद की नमाज अदा की गई और सभी मुस्लिम भाइयों ने दुआ कर देश में अमन चैन की कामना की।

शहर काजी फ़जले बारी आरिफ ने इस अवसर पर कहा कि ईद का त्योहार प्रेम,भाईचारा एवं सौहाद्र का त्यौहार है। विश्व एवं देश में अमन, चैन शांति एवं भाईचारा कायम रहे इसकी दुआएं ईदगाह पर नवाज में की।आष्टा में एक दूसरे धर्म के अनुयाई त्योहारों में सम्मिलित होते हैं, यही हमारे नगर की पहचान है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार ने शहर काजी फ़जले बारी आरिफ, मुफ्ती लईक कासमी, ईदगाह कमेटी सदर मोहम्मद बब्बन हाफिज का शॉल एवं साफा बांधकर सम्मान किया।

### ईदगाह पर एक दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी

ईदगाह पर जैसे ही नमाज अदा की गई उसके बाद सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी ईदगाह पर मुस्लिम भाइयों से ईद की बधाई देने बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि पहुंचे ईदगाह पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा,पूर्व नपा अध्यक्ष कैलाश परमार, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरपाल सिंह ठाकुर, विनीत सिंगी ,कृपाल सिंह आदि पहुंचे और शहर काजी आरिफ फजले साहब का स्वागत कर गले मिलकर एक दूसरे को ईद की बधाई दी इस दौरान एसडीओपी आकाश अमलकर ,थाना प्रभारी गिरीश दुबे सहित पुलिस बल प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## अमरवाड़ा अंजुमन कमेटी जामा मस्जिद ने आरएसएस पथ संचलन के दौरान की पुष्प वर्षा कर किया सम्मान



**अमरवाड़ा।** धर्मनगरी में कौमी एकता की मिसाल को कायम करते हुए अमरवाड़ा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर अमरवाड़ा में ऐतिहासिक पथ संचलन निकाला गया इस दौरान अमरवाड़ा के शहीद चौक में जामा मस्जिद अंजुमन कमेटी के द्वारा सभी स्वयंसेवकों का स्वागत सत्कार कर पथ संचलन में पुष्प वर्षा कर सभी का स्वागत किया गया इस मौके पर जामा मस्जिद अंजुमन कमेटी के पूर्व सदर शेख मुख्तार खान आरिफ शाह, अंजुमन कमेटी के सदर जावेद खान, सेकेट्री मोहम्मद आसिफ खान, फिरोज खान, डॉक्टर जुबेर मलिक,सोनू भाई , शेख जिब्राइल फिरोज भाई शेख इरशाद के साथ मुस्लिम कमेटी के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे

### लोक निर्माण विभाग में तेजी से फल-फूल रहा भ्रष्टाचार

## पीडब्ल्यूडी आखिर कब तक खेलेगा लापरवाहियों का खेल

**मंडला/अजीत पटेल।** जिले में लोक निर्माण विभाग द्वारा चारों तरफ़ सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है,परन्तु लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदारों द्वारा जानबूझकर यह लापरवाही अपनी तिजोरियां भरने को लेकर की जा रही है नतीजा सड़क बनते ही जर्जर हो रही है।इसके पहले भी लोक निर्माण विभाग की लापरवाहियों एवं करतूतों को शासन-प्रशासन के सामने मीडिया के माध्यम से भ्रष्टाचार की थाली में परोसा गया परन्तु आला-अधिकारियों तथा नेता-मंत्रियों के कानों में जूं तक नहीं रेंगी।जिले के अधिकारियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधि एवं नेताओं द्वारा भी आमजनता के सामने बड़े-बड़े वादे करके आमजन को जांच एवं कार्यवाहीयों का आश्वासन देकर बाद में उसी आश्वासन को एक बंद लिफाफे एवं चेक की तरह टेबल के नीचे से भंजा लिया जाता है।अपने आपको जनहितैषी बताने वाले अपनी हिस्सेदारी बटोरने के चलते भ्रष्टाचारीयों के अंगूठे के नीचे दबे जिले के नेतागण भी अपनी कीमतों को मुख्य जरिया बनाते हुए जिले के विकास कार्यों को भ्रष्टाचार की पटरी में चला रहे हैं। मण्डला एक आदिवासी बाहुल्य जिला है और जिसका सही फायदा विभाग की कमान संभालने वाले बाहर से आये हुए कुर्सी पर बैठे जिम्मेदार उठा रहे हैं,जिन्होंने पहले भी अन्य जिलों को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाकर आ चुके हैं और अब उसी भ्रष्टाचार की कतार में मण्डला जिले को टारगेट बनाया गया है।लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे जिले के निर्माण कार्यों को स्वयं को सांसद-विधायक का रिश्तेदार बताकर करोड़ों का खुलेआम भ्रष्टाचार किया गया है । लोक निर्माण विभाग में हुए करोड़ों के इस गबन और भ्रष्टाचार पर जिम्मेदारों ने अधिनियम के विरुद्ध जवाब प्रस्तुत किया है,अधिनियम के खिलाफ नियम विरुद्ध जवाब प्रस्तुत करने का कारण मांगने हेतु आवेदन दिया गया जिसकी एक-एक प्रतियां जिला कलेक्टर एवं अधीक्षण यंत्री लोक निर्माण विभाग सिवनी को भी दिया गया परन्तु भ्रष्टाचारीयों द्वारा अपनी सच्चाई छुपाने को लेकर महीनों बीत जाने के बावजूद भी आज दिनांक तक सवाल एवं आवेदन का जवाब नहीं दिया गया जो इस बात की पुष्टि करता है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा किए गए इस लापरवाही एवं भ्रष्टाचार में आला-अधिकारियों की सांठ-गांठ के साथ-साथ नेता-मंत्रियों की मिलीभगत है।

### पहली बारिश में मिट्टी की तरह बह रही है सड़कें

लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों के अधिकांश मार्गों पर निर्माण कार्य को लेकर सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का अंबार लगा हुआ है जिले के उपसंभाग भुआ-बिछिया अंतर्गत दर्जनों मार्ग है जिनकी आधार शिला लोक निर्माण विभाग द्वारा रखी गई है और नतीजा अधिकांश सड़कों की दुर्दशा यह है कि लगभग सभी सड़कें पहली बारिश में ही अपना दम तोड़ती है।जहां निर्माण कार्यों के पहले बड़े-बड़े बोर्डों में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की गारंटी लिखी जाती है,परन्तु विभाग की लापरवाही का नतीजा यह है कि गारंटी केवल मात्र लिखने के काम आता है।जब मामले को लेकर सड़कों की गुणवत्ता हेतु पहले भी मुख्य कार्यपालन यंत्री से बात की गई तो लोक निर्माण विभाग के मुख्य कार्यपालन यंत्री के नुमाइंदों ने जवाब दिया कि जिम्मेदार गायब है वहीं विभागीय अधिकारी काम अधूरा होने की बात कह रहे हैं।जिले के पीडब्ल्यूडी विभाग का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा परन्तु इन निर्माण कार्यों में विभाग द्वारा बरती जा रही लापरवाही खुलकर सामने दिखाई दे रही है।जहां ग्रामीणों ने बताया कि लोक निर्माण विभाग की ओर से लगभग कुछ समय पहले सड़क निर्माण का काम करवाया गया था और कुछ दिनों पहले ही सड़क में डामरीकरण करवाया गया था परन्तु उसमें भी बड़ी-बड़ी दरारें आ गई विभागीय अधिकारियों एवं ठेकेदार द्वारा हिस्सेदारी बटोरने के चलते मनमानी रवैया अपनाकर यह लापरवाही विभाग के एसडीओ एवं उपयंत्री द्वारा खुलेआम बरती जा रही है।

### पीडब्ल्यूडी कार्यपालन यंत्री भलावी लापरवाहियों को लेकर चर्चा में बने हुए

जिले के पीडब्ल्यूडी विभाग के मुख्य कार्यपालन यंत्री श्री भलावी लापरवाहियों को लेकर पहले से चर्चा में बने हुए हैं,इसके पहले भी पत्रकारों द्वारा भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा को श्री भलावी की लापरवाही तथा कार्यालय में अधिकांश अनुपस्थिति को लेकर पत्रकारवार्ता के दौरान अपनी बात रखी गई है,परन्तु श्री भलावी जिले के सबसे बड़े नेता के रिश्तेदार होने के कारण पत्रकारों की दरखास्त को अनसुनी कर दिया गया। पीडब्ल्यूडी के मुख्य कार्यपालन यंत्री श्री भलावी महिनों समय पर अपनी कुर्सी में नहीं मिलते वहीं उनके नुमाइंदों द्वारा रटा-रटाया जवाब दौरे पर गए हुए हैं बता दिया जाता है,अब आखिर समझ में नहीं आता है कि जिले के कौन सी क्षेत्रों में दौरा करते हैं भलावी जी क्योंकि जिले के चारों तरफ सड़कों की हालत जर्जर है।

### सफाई व्यवस्था को लेकर शहर में सबसे बुरे हाल

## धार्मिक त्योहारों के समय शहर की सफाई व्यवस्था चौपट



**परासिया।** नगरपालिका नेताप्रतिपक्ष शहर अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह ने कहा कि सफाई व्यवस्था को लेकर शहर के हाल बद से बद्तर हो गई है त्योहारों के इस मौसम में सारे शहर में जगह जगह कचरे का ढेर लगा हुआ है न तो साफ सफाई हो रही है न ही कचरा उठ रहा है चैत्र नवरात्र मंदिरों में पूजा पाठ हो रही है । शहर में प्रभात फैरी निकल रही और मुस्लिम भाई ईद थी मगर ऐसे में शहर की सफाई व्यवस्था चौपट हो गई वार्ड में न तो साफ सफाई हो रही है न ही कचरा उठ रहा है वही वार्डों में साफ सफाई न होने से जगह जगह गंदगी का ढेर लगा हुआ है और कचरे का ढेर लगा हुआ है जिसको लेकर आमजन में भारी परेशान हैं साल भर के इस पवन चैत्र नवरात्र प्रभात फेरी निकाली जा रही है। ऐसे में साफ सफाई न होने से व्यवस्था पुरी तरह चरमरा गई है अगर व्यवस्था नहीं सुधरी तो उग आंदोलन होगा एक दो ट्रेक्टर के भरोसे सफाई व्यवस्था है

नेताप्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह ने कहा की इतना बड़ा शहर और एक दो ट्रेक्टर ट्राली के भरोसे शहर की सफाई व्यवस्था है वही टीप्पर वाहन भी वार्डों में नियमित नहीं जा रहे हैं जिससे धरो में कचरे का ढेर लगा हुआ है वहीं त्यैयारी चल रही चैत्र नवरात्रि भक्त माता रानी का त्योहार पूजा पाठ हो रहे हैं ऐसे में शहर सफाई व्यवस्था चौपट हो गई है जल्द सुधार होना चाहिए रोज सुबह शहर में विभिन्न वार्डों में सुबह प्रभात फेरी निकाली जा रही ऐसे साफ सफाई व्यवस्था भक्तों के लिए होना चाहिए मगर भाजपा नगरपालिका कुंभ कर्ण की नींद में सोई हुई स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो शीघ्र ही आमजनों के साथ मिलकर कांग्रेसी पार्षदों और शहर कांग्रेस नगरपालिका को जागरूक करने आंदोलन करेगी

## तक्षशिला इलेवन ने टाइम स्पोर्ट्स बड़कुई क्लब को 6 विकेट से हराया , बालाजी वारियर्स ने केसरी क्लब को 7 विकेट से हराया

### सांसद कप क्रिकेट प्रतियोगिता

**छिंदवाड़ा।** विवेक बंटी साहू की प्रेरणा से इंदिरा गांधी क्रिकेट मैदान में सांसद कप क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को 2 मैच खेले गए। टूर्नामेंट के सचिव संदीप मालवीय ने बताया कि गत दिनों दूसरा मैच तक्षशिला इलेवन छिंदवाड़ा व टाइम स्पोर्ट्स बड़कुई के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टाइम स्पोर्ट्स बड़कुई ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 139 रन बनाएं जिसमे 35 रन यश ठाकुर व 24 रन रेहान खान ने बनाये। 140 रनों के लक्ष्य को तक्षशिला इलेवन क्लब् ने 17.3 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

तक्षशिला इलेवन क्लब् के बल्लेबाज अतुल बिंझाड़े ने 73 व आशु पांडे ने 33 रन बनाये। टाइम स्पोर्ट्स बड़कुई क्लब् के गेंदबाज राहुल यदुवंशी ने 4 विकेट लिए। मैच 6 विकेट से तक्षशिला इलेवन क्लब् ने जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। सोमवार 31 मार्च को पहला मैच बालाजी वारियर्स छिंदवाड़ा व केसरी क्लब् छिंदवाड़ा के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए केसरी क्लब् छिंदवाड़ा ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 115 रन बनाएं जिसमे 32 रन जितेंद्र तिवारी व 19 रन तनय शर्मा ने बनाये। बालाजी वारियर्स के गेंदबाज परीक्षित त्रिपाठी ने 3 विकेट लिए। 116 रनों के लक्ष्य को बालाजी वारियर्स क्लब् ने 11.5 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। बालाजी वारियर्स क्लब के बल्लेबाज अमोल बेन्डे ने 39 व दर्शित बोरगावकर ने नाबाद 37 रन बनाये। मैच 7 विकेट से बालाजी वारियर्स क्लब ने जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। मैच के मुख्य अतिथि दारा जुनेजा, सभापति चन्द्रभान देवरे, शैलेश सिन्हा, संजय पैठने उपस्थित रहे।

मैच में अंपायर मनीष बंदेवार, रजत कडु व ऐश्वर्य चौरसिया व अंकित राजपूत रहे, स्कोरर संतोष कहार व शुभम खेलवाड़ी कमेंट्रेटर श्रांत चंदेल व ऋषभ मलिक रहे। रविवार को मैच के मुख्य अतिथि प्रशांत पाण्डे, चंद्रकांत सोनी,डॉ दुर्गेश भरत रहे।



टूर्नामेंट में आयोजन समिति के अध्यक्ष विक्रम अहके, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिषेक वर्मा, उपाध्यक्ष बबलू विश्वकर्मा, सचिव संदीप मालवीय, भाजपा खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष अंकित सोलंकी, अंकित राजपूत, भीष्म चौहान, अम्बर सूर्यवंशी उपस्थित रहे।

**आज के मैच :** मंगलवार 1 अप्रैल का पहला मैच दोपहर 3 बजे से सर्कुलर बॉयज क्लब् छिंदवाड़ा व तश्वी कंस्ट्रक्शन परासिया के मध्य खेला जाएगा। दूसरा मैच शाम 6:00 बजे से स्पार्टन क्लब् छिंदवाड़ा व फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब् छिंदवाड़ा के मध्य खेला जाएगा।

## संपादकीय

### दुबारा मनमानी पर उतरा इजराइल, 50 हजार से अधिक लोगों की मौत 1 लाख से अधिक घायल

संघर्ष विराम तोड़ने के बाद इजराइल दुबारा मनमानी पर उतर आया है। उसने ताबड़तोड़ हवाई हमले कर गाजा को फिर से दहला दिया है। इसका खमियाजा उन हजारों फिलिस्तीनी नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है जो शरणार्थी शिविरों, अस्पतालों या धार्मिक स्थलों में शरण लिए हुए हैं। यह दुखद है कि प्रतिशोध की आग में जलता इजराइल, रिहाइशी इलाकों पर भी लगातार हमले कर रहा है, क्योंकि उसका कहना है कि हमास के आतंकवादी घनी आबादी में छिपे हुए हैं। हालांकि वह अच्छी तरह वाकिफ है कि युद्ध के भी कुछ नियम हैं। मगर वह इन्हें मानने को तैयार नहीं है। वह हमास के आतंकवादियों को मार गिराने के लिए लगातार इमारतों, अस्पतालों, विद्यालयों और शरणार्थी शिविरों को निशाना बना रहा है। बीते रविवार को दक्षिणी गाजा के सबसे बड़े अस्पताल पर हमला कर इजराइल ने स्पष्ट कर दिया कि उसे मानवता से कोई लेना-देना नहीं और न ही वह कोई नियम मानेगा। हैरत की बात है कि इस मनमानी के खिलाफ दुनिया के ज्यादातर देश चुप हैं। अमेरिका ने उसे पहले ही छूट दे रखी है। नतीजा यह कि भोजन-पानी और दवाओं के अभाव में फिलिस्तीनी नागरिक रोज मर रहे हैं। गाजा इस समय अभूतपूर्व मानवीय संकट से गुजर रहा है। वहां कोई मानवीय सहायता भी नहीं पहुंच पा रही है। कई महीने से चल रहे इस युद्ध में अब तक एक लाख से अधिक नागरिक घायल हो चुके हैं। पचास हजार से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है। हवाई हमले की चपेट में सबसे ज्यादा बच्चे-महिलाएं और बुजुर्ग आए हैं। गौरतलब है कि पंद्रह हजार से ज्यादा बच्चों की मौत हो चुकी हैं। युद्ध की आग में तप रहे गाजा में जिस तरह मानवाधिकारों का हनन हो रहा है, वह बेहद शर्मनाक है। मानवाधिकार के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले ज्यादातर बड़े देश चुप हैं, तो आखिर इसकी वजह क्या है और क्या उन्होंने इजराइल को मनमानी की अनुमति दे दी है? क्षत-विक्षत हो रहे गाजा को पूरी दुनिया देख रही है। युद्ध हमेशा विनाश की ओर ले जाता है। इजराइल आखिर कब तक मनमानी करता रहेगा? प्रतिशोध की भी एक सीमा है।

# आएसएस मुख्यालय के साथ ही दीक्षाभूमि का दौरा कर मोदी ने गजब का राजनीतिक संतुलन साधा है

-नीरज कुमार दुबे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागपुर यात्रा के दौरान आरएसएस मुख्यालय स्थित हेडगेवार स्मृति मंदिर का दौरा कर नया इतिहास रच दिया क्योंकि संघ के 100 वर्षों के इतिहास में दूसरी बार देश का कोई प्रधानमंत्री राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय पहुँचा था। हम आपको याद दिला दें कि तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने वर्ष 2000 में अपने तीसरे कार्यकाल के दौरान नागपुर में संघ मुख्यालय का दौरा किया था। संयोग देखिये कि मोदी भी अपने तीसरे कार्यकाल के दौरान ही संघ मुख्यालय पहुँचे। मोदी के संघ मुख्यालय के दौरे पर जहां विपक्ष बौखला रहा है वहीं इस यात्रा ने आरएसएस के भीतर भी कई लोगों को सुखद आश्चर्य में डाल दिया है। वैसे कुल मिलाकर मोदी की इस यात्रा को भाजपा और आरएसएस द्वारा आपसी मतभेद दूर करने और एकजुट होने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से नागपुर में अपने संबोधन के दौरान आरएसएस की भरपूर प्रशंसा को अपने वैचारिक मार्गदर्शक के प्रति भाजपा के रुख में आये बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। हम आपको याद दिला दें कि पिछले साल लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा था कि भाजपा उस समय से आगे बढ़ चुकी है जब उसे आरएसएस की जरूरत थी





और अब वह सक्षम है तथा अपने काम खुद करती है। नड्डा की इस टिप्पणी से संघ कार्यकर्ताओं में रोष उत्पन्न हो गया था और लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा और आरएसएस के बीच दूरी देखी गयी थी जिसका नुकसान भाजपा को लोकसभा में बहुमत गंवा कर उठाना पड़ा था।

हालांकि लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद भाजपा ने संघ के साथ संबंधों में सुधार किया जिसके चलते पार्टी को हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में विधानसभा चुनावों में जोरदार जीत मिली थी। दूसरी ओर, संघ और भाजपा के बीच मतभेदों को दोनों ही संगठनों के नेता नकारते हैं और कहते हैं कि ऐसी बातें वही लोग करते हैं जो भाजपा और संघ को नहीं समझते हैं। वैसे जानकारों का यह भी कहना है कि संघ को मुख्य आपत्ति इस बात पर थी कि भाजपा एक व्यक्ति केंद्रित पार्टी बनती जा रही है। हम आपको याद दिला दें कि साल 2014 के बाद %%मोदी ब्रांड राजनीति के तहत भाजपा सारे चुनाव लड़ती रही है। लोकसभा चुनावों के बाद भाजपा ने अन्य नेताओं को भी आगे बढ़ाया है और आने वाले समय में दूसरी पंक्ति के कई और नेताओं को बड़ी भूमिकाएं मिलने जा रही हैं। वैसे, आरएसएस के शताब्दी समारोह और बेंगलुरु में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक से पहले प्रधानमंत्री की नागपुर यात्रा इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि भाजपा जल्द ही अपने नये राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करने वाली है। हालांकि हाल ही में संघ की ओर से स्पष्ट किया गया था कि उसके सभी आनुषांगिक संगठन अपने कार्यों के बारे में स्वतंत्र रूप से निर्णय लेते हैं लेकिन हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि साल 2009 के लोकसभा चुनावों में भाजपा की करारी हार के बाद मोहन भागवत के हस्तक्षेप के बाद ही लालकृष्ण आडवाणी युग समाप्त हुआ था और मोदी आगे लाये गये थे। साल 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के खराब प्रदर्शन के बाद मोहन भागवत की कुछ टिप्पणियों को पार्टी नेतृत्व और प्रधानमंत्री मोदी की सीधी आलोचना के रूप में भी देखा गया था। इसलिए ऐसा हो नहीं सकता कि भाजपा अपने नये अध्यक्ष के नाम पर बिना संघ प्रमुख से चर्चा किये बिना फैसला कर ले।

हम आपको यह भी बता दें कि पूर्व प्रधानमंत्रियों और वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने पूर्व में सावधानी बरतते हुए सरकार और संघ के बीच अंतर सुनिश्चित किया लेकिन मोदी चूंकि खुद संघ के प्रचारक रहे हैं इसलिए वह संघ की तारीफ करने में नहीं चूकते। हाल ही में तीन बड़े मौके आये जब मोदी ने अपने जीवन को सही मार्गदर्शन देने के लिए संघ का आभार जताया और इस सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन की भरपूर प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने नागपुर में भी आरएसएस को एक ऐसे संगठन के रूप में संदर्भित किया जिसने समर्पण और सेवा के उच्चतम सिद्धांतों को कायम रखा। साथ ही उन्होंने संघ की राष्ट्र निर्माण और विकास में रचनात्मक भूमिका को रेखांकित करके अपनी 2047 तक विकसित भारत की योजनाओं में संघ की भूमिका के महत्व को भी दर्शाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रयागराज में हाल ही में संपन्न महाकुंभ मेले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए भी स्वयंसेवकों को श्रेय दिया था। इसके अलावा, हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों पर आरएसएस द्वारा की जाने वाली सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने पर लगाए गए प्रतिबंध को भी हटा दिया गया था। यही नहीं, जिस तरह भाजपा के वरिष्ठ नेता गठबंधन सरकार होने के बावजूद अपने मूल एजेंडे में शामिल मुद्दों पर आगे बढ़ने की बात कर रहे हैं वह इस बात का संकेतक है कि आरएसएस के कुछ मुख्य एजेंडे भाजपा की राजनीति में फिर से सबसे आगे आ रहे हैं।

बहरहाल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संघ मुख्यालय के दौरे के साथ ही डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के पंचतीर्थों में से एक दीक्षाभूमि का भी दौरा कर राजनीतिक संतुलन साधने की कोशिश की। प्रधानमंत्री ने संघ मुख्यालय में दिये गये अपने संबोधन में भी बाबा साहेब को याद किया और भारतीय संविधान की भरपूर प्रशंसा की। प्रधानमंत्री मोदी ने आरएसएस मुख्यालय में डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर का दौरा कर संघ के संस्थापकों को श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही वह दीक्षाभूमि भी गए, जहां डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने 1956 में अपने हजारों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपनाया था। मोदी दीक्षाभूमि स्थित स्तूप के भीतर गए और वहां रखी आंबेडकर की अस्थियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# अमन-चैन के लिए दुआओं की दुनियां का विस्तार है ईद

-डॉ. नाज परवीन

माहे रमजान के 30 रोजों के बाद ईद की खुशी रोजदारों के चेहरे पे खिलती है। खुदा की तरफ से बंदों को दिया गया ईनाम है ईद। ईद के मायने हर शख्स के लिए अलग – अलग होते हैं। हर आम-ओ – खास के लिए ईद में नए कपड़े पहन ईद की नमाज अदा करना बेहद खुशी देने वाला रहता है। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए नए कपड़ों और विभिन्न पकवानों के साथ खुदा की रहमत है ईद।

दौलत अफरोज लोगों के लिए किसी की मदद करके सुकून हासिल करने का जरिया है ईद। बच्चों के लिए नई- नई चीजों की खरीदारी और ईदी पाने का जश्न है ईद। रोजदारों के लिए एक साथ एक मुकाम पर खुदा से खैर-बरकत, अमन -चैन के लिए दुआ है ईद।

ईद मानवीय मूल्यों,प्रेम,भाईचारे, सब्र और शांति का प्रतीक है। जो हमें खुशियां साझा करना सिखाता है। दूसरों की भलाई के लिए दुआएं करना सिखाता है। जो सच्ची मानवता है। आज जब दुनिया लगातार संघर्ष और वैमनस्य की ओर बढ़ रही है ईद का अमन चैन और भाईचारे का संदेश बेहद प्रासंगिक हो जाता है।

खुदा सब्र करने वालों के साथ है और शांति सौहार्द को पसंद करने वाला है। कहते हैं खुदा अपने बंदों को उनके मां



बाप से सत्तर गुना ज्यादा प्यार करने वाला है और मां बाप के लिए हर औलाद प्यारी होती है। खुदा के लिए सब बराबर हैं। उसकी रहमत सब पर बराबर बरसती है।

ईद के दिन सभी मुसलमान सुबह एक साथ मस्जिदों में जाकर नमाज अदा करते हैं। पूरी दुनिया पर वो दौर भी गुजरा जब महामारी से डरे- सहमे लोगों ने ईद की नमाज भी घरों में अदा की। किसी ने ऐसे दौर की कल्पना भी नहीं की थी लेकिन खुदा का करम है अब कोरोना के कहर से दुनिया महफूज है। फिर वही खुशियों का दौर लौट आया है।

ईद की विशेष नमाज को अदा करते वक्त खुदा से दुनिया में अमन चैन और समृद्धि की दुआ की जाती है। सामूहिक रूप से होने वाली दुआ में खुद से पहले पूरे समाज, राष्ट्र और विश्व के लिए दुआ की जाती है। ईद का यह खूबसूरत संदेश हमें बताता है कि दुआओं का असर सीमाओं से परे होता है। सच्ची दुआ वही है जो पूरे मानवता के हक और बेहतरी के लिए की जाए।

ईद का खूबसूरत संदेश प्रेम और एकता है। इस दिन की सबसे खास बात यह भी है कि सभी को शिकवे गिले भुला कर गले लगाया जाता है और ईद की मुबारकबाद दी जाती है। बच्चों की खुशियों में तब और इजाफा हो जाता है जब उन रिश्तेदारों से भी ईदी का इंतजाम हो जाता है जिनसे वे बड़ों की बड़ी- बड़ी समझदारी के कारण मिलना- जुलना नहीं कर पाते।

ईद की नमाज, ईद का सलाम, नए कपड़े और ईदी की खुशी, ईद को बेहद खूबसूरत बनाती है। यह पर्व हमें यह अहसास दिलाता है कि प्रेम भाईचारे करुणा और सहानुभूति से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया जा सकता है। सदियों से हमारे पूर्वज ऐसा ही करते आए हैं।

माहे रमजान से ईद तक के सफर पर दान पुण्य (जकात और फितरा) देने की परम्परा यह हिदायत करती है कि ईद की खुशियां जब तक अधूरी हैं जब तक जरूरतमंद लोगों की जरूरतें पूरी नहीं हो जाती। यह ईद की खास बात है ईद की खुशियां सबसे पहले समाज के सबसे कमजोर व्यक्ति तक पहुंचें। सभी समाज के हर वर्ग से अपनी खुशियों को साझा करें। ईद एक मौका है जिसमें हम गरीबों, अनाथों और जरूरतमंदों को सहायता करके सामाजिक समरसता की मिसाल कायम कर सकते हैं और अपने रब को भी राजी कर सकते हैं।

आज के दौर में जब पूरी दुनिया अलग- अलग संघर्षों, तनावों, आतंकवाद, युद्ध और असमानता की समस्याओं से जूझ रही है, ऐसे में ईद हमें शांति, सहिष्णुता और भाईचारे की राह दिखाती है। यह त्योहार हमें सिखाता है कि यदि हम प्रेम, करुणा और दुआओं को अपने जीवन में स्थान दें, तो समाज और विश्व में शांति और सद्भाव का वातावरण बनाया जा सकता है।

यकीनन ईद केवल त्यौहार नहीं, बल्कि खुदा की तरफ से अमन, सौहार्द और परोपकार का संदेश देने वाला तोहफा है। जो हमें सिखाता है कि सच्ची खुशी तभी प्राप्त की जा सकती है जब हम उसे दूसरों के साथ बांटते हैं और सच्ची दुआ वही है जो सबकी बेहतरी के लिए की जाए। आज, जब दुनिया को शांति और भाईचारे की सबसे अधिक आवश्यकता है, तब ईद का संदेश और भी प्रासंगिक हो जाता है। इस त्योहार के माध्यम से हमें न केवल अपने दिलों को प्रेम से भरना है, बल्कि समाज में भी सौहार्द और परोपकार का प्रकाश फैलाना है।

# वृद्धों के लिये उजाला बना सुप्रीम कोर्ट का फैसला

वसुधैव कुटुम्बकम् की बात करने वाला देश एवं उसकी नवपीढ़ी आज एक व्यक्ति , एक परिवार यानी एकल परिवार की तरफ बढ़ रहे हैं, वे अपने निकटतम परिजनों एवं माता-पिता को भी बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं, उनके साथ नहीं रह पा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए सराहनीय पहल की है जिसमें कहा गया था कि अगर गिफ्ट डीड में स्पष्ट रूप से शर्तें नहीं हैं, तो माता-पिता की सेवा न करने के आधार पर गिफ्ट डीड को रद्द नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट ने कानून का 'सख्त दृष्टिकोण' अपनाया, जबकि कानून के वास्तविक उद्देश्य को पूरा करने के लिए उदार दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता थी। यह फैसला एक महिला की उस याचिका पर आया जिसमें उसने अपने बेटे के पक्ष में की गई गिफ्ट डीड को रद्द करने की मांग की थी क्योंकि बेटे ने उसकी देखभाल करने से इनकार कर दिया था। परिवारों में संपत्ति के विवाद तो पता नहीं कब से चले आ रहे हैं, लेकिन आधुनिक समाज में ये विशेष रूप से बढ़ गए हैं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से समाज में बुजुर्ग लोगों की उपेक्षा, दुर्व्यवहार एवं उनके प्रति बरती जा रही उदासीनता की त्रासदी से उन्हें मुक्ति देकर उन्हें सुरक्षा कवच मानने की सोच को विकसित करने की भूमिका बनेगी ताकि वृद्धों के स्वास्थ्य, निष्कंटक एवं कुंठारहित जीवन को प्रबंधित किया जा सकता है।

-ललित गर्ग

देश ही नहीं, दुनिया में वृद्धों के साथ उपेक्षा, दुर्व्यवहार, प्रताड़ना, हिंसा तो बढ़ती ही जा रही है, लेकिन अब बुजुर्ग माता-पिता से प्रॉपर्टी अपने नाम कराने या फिर उनसे गिफ्ट हासिल करने के बाद उन्हें यूं ही छोड़ देने, वृद्धाश्रम के हवाले कर देने, उनके जीवनयापन में सहयोगी न बनने की बढ़ती सोच आधुनिक समाज का एक विकृत चेहरा है। संयुक्त परिवारों के विघटन और एकल परिवारों के बढ़ते चलन ने वृद्धों के जीवन को नरक बनाया है। बच्चे अपने माता-पिता के साथ बिल्कुल नहीं रहना चाहते। ऐसे बच्चों के लिए सावधान होने का वक्त आ गया है, सुप्रीम कोर्ट ने इसको लेकर एक ऐतिहासिक फैसला दिया है। अपने इस महत्वपूर्ण फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर बच्चे माता-पिता की देखभाल नहीं करते हैं, तो माता-पिता की ओर से बच्चों के नाम पर की गई संपत्ति की गिफ्ट डीड को रद्द किया जा सकता है। यह फैसला माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम के तहत दिया गया है, जिससे वृद्धों की उपेक्षा एवं दुर्व्यवहार के इस गलत प्रवाह को रोकने में सहयोग मिलेगा। क्योंकि सोच के इस गलत प्रवाह ने न केवल वृद्धों का जीवन दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है। वसुधैव कुटुम्बकम् की बात करने वाला देश एवं उसकी नवपीढ़ी आज एक व्यक्ति, एक परिवार यानी एकल परिवार की तरफ बढ़ रहे हैं, वे अपने निकटतम परिजनों एवं माता-पिता को भी बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं, उनके साथ नहीं रह पा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए सराहनीय पहल की है जिसमें कहा गया था कि अगर गिफ्ट डीड में स्पष्ट रूप से शर्तें नहीं हैं, तो माता-पिता की सेवा न करने के आधार पर गिफ्ट डीड को रद्द नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट ने कानून का 'सख्त दृष्टिकोण' अपनाया, जबकि कानून के वास्तविक उद्देश्य को पूरा करने के लिए उदार दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता थी। यह फैसला एक महिला की उस याचिका पर आया जिसमें उसने अपने बेटे के पक्ष में की गई गिफ्ट डीड को रद्द करने की मांग की थी क्योंकि बेटे ने उसकी देखभाल करने से इनकार कर दिया था। परिवारों में संपत्ति के विवाद



तो पता नहीं कब से चले आ रहे हैं, लेकिन आधुनिक समाज में ये विशेष रूप से बढ़ गए हैं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से समाज में बुजुर्ग लोगों की उपेक्षा, दुर्व्यवहार एवं उनके प्रति बरती जा रही उदासीनता की त्रासदी से उन्हें मुक्ति देकर उन्हें सुरक्षा कवच मानने की सोच को विकसित करने की भूमिका बनेगी ताकि वृद्धों के स्वास्थ्य, निष्कंटक एवं कुंठारहित जीवन को प्रबंधित किया जा सकता है। वृद्धों को बंधन नहीं, आत्म-गौरव के रूप में स्वीकार करने की अपेक्षा है।

संवेदनशून्य समाज में इन दिनों कई ऐसी घटनाएं प्रकाश में आई हैं, जब संपत्ति मोह में वृद्धों की हत्या कर दी गई। ऐसे में स्वार्थ का यह नंगा खेल स्वयं अपनों से होता देखकर वृद्धजनों को किन मानसिक आघातों से गुजरना पड़ता होगा, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता। वृद्धावस्था मानसिक व्यथा के साथ सिर्फ सहानुभूति की आशा जोहती रह जाती है। वृद्धों को लेकर जो गंभीर समस्याएं आज पैदा हुई हैं, वह अचानक ही नहीं हुई, बल्कि उपभोक्तावादी संस्कृति तथा महानगरीय अधुनातन बोध के तहत बदलते सामाजिक मूल्यों, नई पीढ़ी की सोच में परिवर्तन आने, महंगाई के बढ़ने और व्यक्ति के अपने बच्चों और पत्नी तक सीमित हो जाने की प्रवृत्ति के कारण बड़े-बूढ़ों के लिए अनेक समस्याएं आ खड़ी हुई हैं। वरिष्ठ नागरिकों के हितों की रक्षा की आवश्यकता पर जोर देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे कई वरिष्ठ नागरिक हैं जिन्हें उनके बच्चे अनदेखा कर देते हैं और संपत्ति हस्तांतरित करने के बाद उन्हें अपने हाल पर छोड़ देते हैं। जस्टिस सीटी रविकुमार और संजय करोल की पीठ ने कहा कि यह अधिनियम एक लाभकारी कानून है जिसका उद्देश्य उन बुजुर्गों की मदद करना है जिन्हें संयुक्त परिवार प्रणाली के कमजोर होने के कारण अकेला छोड़ दिया जाता है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए इसके प्रावधानों की व्याख्या उदारतापूर्वक की जानी चाहिए, न कि संकीर्ण अर्थों में। पहले परिवार से किसी भी मनुष्य की पहचान जुड़ी होती थी, इसलिए लोग परिवार से जुड़े रहते थे। अब उसकी पहचान उसकी कार या कपड़ों के ब्रांड आदि भौतिकतावादी चीजों से होती है। यह भौतिकवाद की मृगतृष्णा इंसान की सामाजिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक पहचान पर हावी हो गई है, बल्कि अब तो संस्कृति और आध्यात्मिकता भी उपभोक्ता वस्तु की तरह बाजार में हैं। एक बड़ी समस्या भारत जैसे देशों में है, जो इस दौड़ में शामिल हो गए हैं, पर इतने समृद्ध नहीं हुए हैं कि इस जीवनशैली को आसानी से अपना सकें। भारत में परिवार के सदस्यों में परस्पर दूरियां लगातार बढ़ रही हैं। भूमि संबंधी विवाद भाई-भाई के बीच होते-होते अब पिता-पुत्र के बीच भी होने लगे हैं और मामला हत्या तक पहुंच जाता है। ताजा मामला भी संपत्ति विवाद का ही है। आज के बेटों को पुश्तैनी संपत्ति का लाभ तो चाहिए, पर पिता-माता के साथ रिश्ते अच्छे रखना उनकी प्राथमिकता नहीं है। ऐसे में, कई माता-पिता भी अपनी संतानों को बेदखल करने के लिए मजबूर हो जाते हैं। यह वक्त है, जब हमें जानना होगा कि अपने लोगों से संबंध और संवाद ही जीवन को सार्थक बनाता है। हमें अपने रिश्तों का दायरा इतना तो जरूर बढ़ाना चाहिए, जिसमें कम से कम अपना निकटतम परिवार पूरी तरह से शामिल हो जाए। नये विश्व की उन्नत एवं आदर्श संरचना बिना वृद्धों की सम्मानजनक स्थिति के संभव नहीं है। वर्किंग बहुओं के ताने, बच्चों को टहलाने-घुमाने की जिम्मेदारी की फिक्र में प्रायः जहां पुरुष वृद्धों की सुबह-शाम खप जाती हैं, वहीं वृद्ध महिला एक नौकरानी से अधिक हैसियत नहीं रखती।



# गर्मियों में फटाफट बाथरूम की सफाई के लिए अपनाएं ये हैक्स

**अगर आपको भी गर्मी के मौसम में साफ-सफाई का काम करने में काफी परेशानी होती है, तो आप यहां बताए गए क्लिनिंग हैक्स को फॉलो कर फटाफट काम निपटा सकती हैं।**

गर्मी में अगर कोई घर में साफ-सफाई करने को कह दे, तो मानो आफत ही आ जाती है। खासकर बाथरूम की सफाई में तो बारिकियों से काम करना पड़ता है। अगर आपको भी गर्मी के मौसम में बाथरूम की सफाई करना एक मुश्किल काम लगता है, तो तो अब आपको ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। आज हम आपको कुछ ऐसे हैक्स और टिप्स बताएंगे, जिसकी मदद से आप गर्मियों में भी फटाफट काम निपटा सकती हैं।

### बाथरूम को साफ करने के लिए सबसे पहले करें प्लान

बाथरूम को साफ करने के लिए आपको चाहिए कि आप सबसे पहले प्लानिंग कर लें कि आपको सबसे पहले किस चीज की सफाई करनी है, क्योंकि बाथरू में बहुत सारी चीजें होती हैं, जिसे साफ करना होता है। ऐसे में अपनी सुविधा अनुसार काम जल्दी निपटाने की टेकनीक अपना सकती हैं।

### बाथरुम की सफाई में शॉवर क्लीनर का करें उपयोग

बाथरुम में आप शॉवर क्लीनर का उपयोग करके फर्श और दीवारों को तेजी से और आसानी से साफ कर सकती हैं। आपको बार-बार मग या किसी बर्तन में पानी भरने और उसमें से निकालने की जरूर भी नहीं पड़ेगी।

### बाथरूम के शीशे को करें साफ

बाथरूम में सबसे जल्दी साफ होने वाला एक मात्र चीज शीशे ही होते हैं। इसलिए, ऐसी चीजों की सफाई सबसे पहले करें। इसके लिए आप माइक्रोफाइबर कपड़े और सफाई करने वाले स्प्रे का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### सिंक और बाथटब को इस तरीके से करें क्लीन

सिंक और बाथटब को तेजी से साफ करने के लिए एक हल्के डिटर्जेंट और गर्म पानी का यूज कर सकती हैं। इसमें ज्यादा गंदगी बैठ गई है, तो इसे रगड़ने के लिए स्पंज या ब्रश का उपयोग कर सकती हैं।

### बाथरुम के फर्श को फटाफट ऐसे करें साफ

गर्मी में फास्ट और अच्छे से बाथरूम के फर्श को साफ करने के लिए आप डिटर्जेंट और गर्म पानी का उपयोग कर सकती हैं। फर्श को पोछने के लिए मोप का इस्तेमाल कर सकती हैं।

### टॉयलेट की सफाई में लें क्लीनर की मदद

बाथरुम की सफाई कर रही हैं, तो जाहिर सी बात है, कि टॉयलेट की सफाई की तो जरूरत पड़ेगी ही। पर गर्मी में झटपट काम निपटाने के लिए टॉयलेट क्लीनर की मदद ले सकती हैं। यह साफ करने का एक प्रभावी तरीका है।



# इंश्योरेंस लेने से पहले इन बातों का रखें ध्यान

**इंश्योरेंस खरीदने से पहले कई प्रकार की बातों का ध्यान का रखना चाहिए जैसे कि आप किस प्रकार का बीमा करवाना चाहते हैं। इसके अलावा क्या इसका चयन आपके लिए बेहतर साबित होगा।**

लाइफ को बेहतर बनाने के लिए अक्सर लोग बीमा करवाने का रूख करते हैं ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी होने वाली स्थितिओं से सुरक्षित रह सकें। इसके अलाव उस दौरान उन्हें फाइनेंशियल सपोर्ट मिल सकें। वैसे तो कई प्रकार की बीमा योजनाएं जैसे लाइफ इंश्योरेंस, हेल्थ, ट्रेवल और कार इश्योरेंस शामिल है। इन सभी चीजों का इंश्योरेंस कराना भविष्य के लिए फायदेमंद साबित होता है। इससे जुड़ी जरूरते हर इंसान के लिए अलग-अलग होती है लेकिन उसे किस कराते समय किन बातों का ध्यान रखना है यह सामान होता है। हालांकि बाजार में तमाम प्रकार के बीमा प्रोडक्ट मौजूद होने के साथ इसके साथ होने वाले कागजी कार्रवाई कभी ताम-झाम भरी होती है। ऐसे में लोग इंश्योरेंस का सही चुनाव नहीं कर पाते हैं।

### इंश्योरेंस करवाते समय रखें इन बातों का ध्यान

जैसा कि हमने ऊपर आपको बताया कि बीमा कई प्रकार के होते हैं। हम अपनी जरूरत के हिसाब से इसे कराना पसंद करते हैं। बता दें, कि जिस प्रकार से बीमा कई प्रकार के होते हैं उसी प्रकार से इंश्योरेंस कंपनिया भी कई प्रकार की होती है। ऐसे में सही इंश्योरेंस प्लान का चुनाव करना बहुत जरूरी होता है। अगर आप बीमा खरीदने का प्लान कर रहे है, तो कुछ खास बातों का ख्याल रखना बहुत जरूरी होता है।

### कंपनी का करें सही चयन

बीमा करवाते समय यह ध्यान रखें कि आप किस कंपनी से इंश्योरेंस पॉलिसी ले रहे हैं। कंपनी पर रिसर्च करके उसका चुनाव करें। उस कंपनी से बीमा करवाएं, जिसका पुराना रिकॉर्ड अच्छा रहा हो। इसके साथ ही यह भी तय करें कि आप किस प्रकार का इंश्योरेंस करवाना चाहते हैं। उस बीमा पॉलिसी से जुड़ी हर एक प्रकार की जानकारी के बारे में कंपनी से बात करें।

### कवर राशि का रखें ध्यान

अक्सर हम भविष्य की सुरक्षा और सेफ्टी के लिए बीमा करवाते हैं। ऐसे में आप इसे खरीदते समय यह ध्यान रखें कि वह प्लान आपकी जरूरतों को पूरा करता है या नहीं। कई बार या तो बहुत कम राशि वाला बीमाकरवाते या फिर बहुत ज्यादा वाला। लेकिन इसे करवाते समय इस बात का खास ख्याल रखें कि आप कितने का बीमा करवाएंगे तो आपको फायदा होगा। अपने बजट को देखते हुए प्लान को चुनें।

### उम्र का रखें खास ख्याल

बीमा करवाते समय यह भी मायने रखता है कि आप किस उम्र से बीमा करवा रहे हैं। वैसे आमतौर पर 80-85 साल तक का बीमा प्लान मौजूद होता है। हालांकि उस वक्त तक बीमा की जरूरत नहीं होती है। ऐसे में आप एक सही उम्र तक के लिए बीमा करवाएं।

### ये सवाल, जो आप किसी भी कंपनी से पूछ सकते हैं -

- क्या पॉलिसी में कोई छूट उपलब्ध है?
- क्या पॉलिसी में कोई अलग से फायदा है?
- क्या पॉलिसी को ऑनलाइन या किसी एजेंट के माध्यम से खरीदा जा सकता है?
- एक ही पॉलिसी के लिए अलग-अलग कंपनियों के बीच प्रीमियम में काफी अंतर हो सकता है, इसलिए अंतर के बारे में जरूर जान लें।
- आपको किस प्रकार का पॉलिसी कवरेज चाहिए? आप कितना भुगतान करने को तैयार हैं? बजट के अनुसार आप इंश्योरेंस खरीद सकते हैं।
- इंश्योरेंस कंपनी से बात करते समय, आपके सभी सवालों के जवाब देने के लिए एजेंट को समय निकालने के लिए कह सकते हैं। यह आपको इंश्योरेंस पॉलिसी को समझने और सही निर्णय लेने में मदद कर सकता है। इंश्योरेंस लेने से पहले कंपनी से ये सवाल पूछने पर नुकसान होने का खतरा कम हो सकता है, इस मामले पर एक्सपर्ट क्या कहते हैं?

## इंश्योरेंस पॉलिसी खरीदते समय इन सवालों के जवाब जरूर लें

- आपको यह तय करना होगा कि आप किस प्रकार की इंश्योरेंस पॉलिसी खरीदना चाहते हैं, जैसे कि जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा, गाड़ी बीमा या किसी अन्य प्रकार की इंश्योरेंस।
- आपको यह भी तय करना होगा कि आपको कितना कवर चाहिए, अर्थात आपको कितनी इंश्योरेंस राशि की आवश्यकता है।
- आपको पॉलिसी की प्रीमियम की जानकारी होनी चाहिए, जिससे आपको पॉलिसी की कीमत और भुगतान की तारीख का पता चल सकें।
- आपकी खास जरूरतों के आधार पर बनाई गई पॉलिसी की जानकारी होनी चाहिए, जैसे कि क्या आपको मेडिकल कवर चाहिए, किस प्रकार की गाड़ी बीमा आवश्यक है, आदि।
- पॉलिसी के रिव्यू प्रोसेस के बारे में जानकारी होनी चाहिए, जैसे कि पॉलिसी को कितने साल के लिए खरीदा गया है और क्या आपको नियमित अंतरालों में प्रीमियम भुगतान करना होगा।
- आपको यह देखना होगा कि आपकी इंश्योरेंस कंपनी विश्वासी है और उसका प्रिडिक्टिव रिटर्निंग क्या है।
- आपको यह जानकारी होनी चाहिए कि क्लेम प्रक्रिया क्या है और कैसे क्लेम दर्ज किया जाता है।
- आपको यह देखना होगा कि पॉलिसी में छुट्टियों की विशेष शर्तें क्या हैं और कैसे वे कार्य करती हैं।
- आपको यह जानकारी होनी चाहिए कि आप स्वयं से पॉलिसी को कैसे रद्द कर सकते हैं।



# इंश्योरेंस लेने से पहले कंपनी से जरूर पूछें ये सवाल वर्ना होगा नुकसान

**इंश्योरेंस एक बेहतर वित्तीय निर्णय हो सकता है। अपने विकल्पों को समझने और सही पॉलिसी चुनने के लिए आप इन तरीकों का पालन कर सकते हैं।**

इंश्योरेंस आपको वित्तीय तौर पर सुरक्षित महसूस करने में मदद कर सकता है। अगर आपके साथ कोई दुर्घटना या आपदा होती है, तो इंश्योरेंस कंपनी आपको मुआवजा दे सकती है। इससे आपको अपने खर्चों को कवर करने और आपको फिर से काम शुरू करने में मदद मिल सकती है। क्योंकि, इंश्योरेंस आपको अपने परिवार के लिए वित्तीय सुरक्षा प्रदान कर सकता है। अगर आपके साथ किसी तरह का हादसा हो जाता है, तो आपका जीवन बीमा आपके परिवार को वित्तीय सहायता प्रदान कर सकता है। इससे उन्हें अपने जीवन को सुगम बनाए रखने में मदद मिल सकती है।

कुछ प्रकार के इंश्योरेंस आपको टैक्स में लाभ दे सकते हैं। उदाहरण के लिए, आप अपने जीवन बीमा प्रीमियम पर टैक्स के छूट का दावा कर सकते हैं। वहीं कुछ ऐसे प्रकार के इंश्योरेंस में अन्य लाभ भी शामिल हो सकते हैं, जैसे कि चिकित्सा बीमा में शामिल यात्रा चिकित्सा सहायता। इंश्योरेंस एक बेहतर वित्तीय निर्णय हो सकता है। अपने विकल्पों को समझने और सही पॉलिसी चुनने के लिए आप इन तरीकों का पालन कर सकते हैं।






# पटियाला सूट के साथ इन इयररिंग्स को करें वियर, लगेंगी खूबसूरत

**अगर आप पटियाला सूट पहन रही हैं और इसके साथ स्टाइल करने के लिए इयररिंग्स सर्च कर रही हैं तो ये डिजाइन आपको पसंद आ सकते हैं।**





कई लड़कियां होती हैं जिन्हें अलग - अलग तरीके के सूट पहनने पसंद होते हैं। पटियाला सूट लड़कियों को पहनना काफी पसंद होता है। इसमें वो कई तरह के डिजाइन को ट्राई करती हैं। इसमें भी आजकल अलग-अलग तरह के डिजाइन देखने को मिलते हैं। जिन्हें हर कोई अपने तरीके से स्टाइल करता है। लेकिन लुक तब परफेक्ट बनता है आप इयररिंग्स को स्टाइल करती हैं। इसके लिए अलग-अलग डिजाइन वाले इयररिंग्स को ट्राई कर सकती हैं। जिसके डिजाइन ऑप्शन हम आपको बताएंगे ताकि आपका लुक परफेक्ट लगे।

### झुमकियां

अगर आपको कुछ सिंपल और सोबर पहनने का मन है तो इसके लिए आप झुमकियां ट्राई कर सकती हैं। इन्हें आप पटियाला सूट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आप डोम स्टाइल झुमकियां भी ट्राई कर सकती हैं, साथ ही चेन स्टाइल झुमकियां भी आप ट्राई कर सकती हैं। इस तरह की झुमकियां पहनने के बाद आपका लुक बिल्कुल ट्रेडिशनल लगेगा। इसके कलर और डिजाइन आपको मार्केट और ऑनलाइन मिल जाएंगे।

### चांद बालियां

कई सारी महिलाएं होती हैं जो ट्रेडिशनल लुक को काफी पसंद करती हैं। इसलिए वो सूट के साथ भी एंटीक या फिर ट्रेडिशनल ज्वेलरी पहनना पसंद करती हैं। अगर आपको भी पसंद है इस तरह की ज्वेलरी तो इस बार पटियाला सूट के साथ चांद बालियों को ट्राई करें इस तरह के इयररिंग्स डिजाइन काफी खूबसूरत लगते हैं साथ ही स्टाइल करने के बाद आपके लुक में चार चांद लगा देते हैं। इसमें आप गोल्ड, सिल्वर और स्टोन वर्क चांद बाली ट्राई कर सकती हैं।

### हूप्स इयररिंग्स

अगर आपको सिंपल हूप्स पहनना पसंद है तो इसके लिए आप झुमकी के साथ हूप्स इयररिंग्स डिजाइन को स्टाइल कर सकतीहैं। इस तरह के इयररिंग्स के डिजाइन आपको ऑनलाइन और मार्केट में आसानी से मिल जाते हैं। इनकी खास बात ये होती है कि अगर आपका पटियाला सूट हैवी है तो इस तरीके के इयररिंग्स को स्टाइल कर सकती हैं ये दिखने में और पहनने में सिंपल होते हैं और अच्छे लगते हैं।

### स्टड इयररिंग्स

अगर आपको टॉप्स स्टाइल में इयररिंग्स पहनने पसंद है तो इस तरह के स्टड डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। ये दिखने में सिंपल होते हैं साथ ही पहनने के बाद काफी अच्छे लगते हैं। पटियाला सूट के साथ भी आप इन्हें स्टाइल कर सकती हैं। डिजाइन और कलर पैटर्न आपको ऑनलाइन और मार्केट में मिल जाएंगे।



## खेड़ापति मंदिर प्रांगण में होगी भैरव बाबा मूर्ति की स्थापना




ओबेदुल्लागंज (संवाददाता)। भैरव बाबा की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अंतर्गत 2 अप्रैल को कलश यात्रा दुर्गा मंदिर मंडी प्रांगण से यात्रा शुरू होगी समय 4:00 बजे निकाली जाएगी वही भव्य शोभायात्रा 4 अप्रैल शुक्रवार 3:00 बजे नर्मदा पुरम रोड भैरव मंदिर से नगर भ्रमण शुरू किया जाएगा एवं प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होगी सामवार 7 अप्रैल को 4 बजे भंडारा का आयोजन खेड़ापति मंदिर हिरानिया में होगा। सभी सनातनियों से निवेदन खेड़ापति मंदिर समिति एवं बहावलपुरी समाज संयोजक अरोरा परिवार ने निवेदन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भंडारे में प्रसादी ग्रहण करें एवं बाबा भैरवनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करें

## ईदगाह पर हुई मुख्य नमाज, अमन चैन के लिए उठे हाथ, एक दूसरे को गले मिलकर दी मुबारकबाद

**सिरोंज।** सोमवार को बड़े हर्ष उल्लास के साथ मीठी ईद का त्योहार नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में मुस्लिम समाज जनों के द्वारा मनाया गया ईद की नमाज के बाद एक-दूसरे गले मिलकर एक की ईद की मुबारकबादी वहीं अमन चैन के लिए एक साथ हजारों हाथ दुआ के लिए उठे ईद की मुख्य नमाज ईदगाह सुबह 7.15 पर हुई शहर के अलावा ग्रामीण अंचलों से ही बड़ी संख्या में लोग यहां पर नमाज अदा करने के लिए पहुंचे। इसके के बाद एक दूसरे को गले मिलकर मुबारक बाद देने का दौरा प्रारंभ हुआ ईद की बधाई देने के लिए हिंदू समाज के भी लोग पहुंचे इसके बाद दिनभर सेवाइयों की खशबू महकती रही मिठाइयों की दुकानों भीड़ लगी रही ईद का इंतजार 1 महीने के रोजे पूर्ण होने के उपरांत त्यौहार मनाया जा रहा है इसका कई दिनों से बेसब्री से इंतजार मुस्लिम समाज न कर रहे थे। ईद की खुशियां चारों तरफ छाई हुई थी वहीं बच्चों में ईद को लेकर ज्यादा उत्साह था बेसब्री से इंतजार करते हैं।



प्रशासन ने की अच्छी व्यवस्था - ईदगाह कमेटी के प्रबंधक डॉक्टर वसीम ने ईदुल फितर की नमाज के बाद नगर पालिका प्रशासन, पुलिस प्रशासन आदि के सहयोग के लिए आभार माना ईदगाह पर साफ सफाई, टेंट की अच्छी व्यवस्था करने के लिए प्रशासन का आभार व्यक्त किया मिलने का दौर दो चलेगा - ईद के त्योहार पर एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी जा रही है। सेवाइयों के साथ कई तरह के पकवान और मिठाई से स्वागत किया जा दो दिनों तक ईद की खुशियां मनाई जाएगी यहां पर सभी त्यौहार हिंदू मुस्लिम मिलकर बनाते हैं यह परंपरा कई वर्षों से बनी ही है इसका नजारा आज भी देखने को मिला। वहीं भाजपा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भी ईद पर ईदगाह पहुंचकर ईद की मुबारकबाद दी। ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के द्वारा ईद पर ईद मिलन कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका शादी हाल में किया जिला अध्यक्ष अल्ताफ खान ने कहा कि सभी त्योहार यहां पर मिलजुल का मनाया जाते हैं। उसी के उपलक्ष में ईद मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया इसमें सभी लोगों ने बढ़-चला का भाग लिया एक दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद ! पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ नपा अध्यक्ष मनमोहन साहू, नपा सीएमओ रामप्रकाश साहू, एच ओ धीरज मीना, पार्षद गण कॉंग्रेस एवं भाजपा के नेताओं ने मुबारक बाद दी! वहीं मुस्लिम महासभा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट शोएब खान, डॉ. वसीम खान, अल्ताफ खान, बाबू भाई ठेकेदार, वाजिद कुरैशी, द्र1द्व. बड़ी संख्या में लोगों का स्वागत किया एवं ईद की मुबारकबाद दी!

## जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह के चुनाव संपन्न: नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दी बधाई

**दमोह।** आज आदिश्वर गिर, नोहटा में जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह के चुनाव की प्रक्रिया सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस महत्वपूर्ण अवसर पर सभी सदस्य एकजुट हुए और आपसी सामंजस्य से निर्विरोध रूप से पदाधिकारियों का चयन किया। चुनाव ने यह साबित कर दिया कि संगठन में एकता और सामूहिक प्रयासों का महत्त्व है। मुख्य चुनाव अधिकारी राकेश जैन पलंदी ने बताया कि 20 मार्च को हुई बैठक में उन्हें मुख्य चुनाव अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया, जबकि महेंद्र जैन सोम खेड़ा और सबन जैन सिल्वर को सहायक चुनाव अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया था। 25 मार्च को वोटर लिस्ट का प्रकाशन हुआ और इसके बाद चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की गई, जिसमें अध्यक्ष, मंत्री, और कोषाध्यक्ष के लिए 27 मार्च तक फार्म लिए गए, 28 मार्च को फार्म जमा किए गए और 29 मार्च तक नाम वापसी की प्रक्रिया संपन्न हुई। 31 मार्च को निर्वाचन प्रक्रिया का समापन हुआ।

आज के कार्यक्रम की शुरुआत आदीश्वर गिर नोहटा में श्री जी के अभिषेक, शांतिधारा और पूजन से की गई। कार्यक्रम में निर्वतमान मंत्री मुकेश जैन मम्मा ने मंत्री प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, और निर्वतमान कोषाध्यक्ष सचिंद्र जैन ने बार्षिक आय-व्यय का विवरण साझा किया।

सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से मुकेश जैन मम्मा को अध्यक्ष, संजीव जैन शाकाहारी को मंत्री और सचिंद्र जैन को कोषाध्यक्ष निर्विरोध चुना गया। यह चुनाव संगठन में पारदर्शिता, सामूहिक निर्णय और आपसी विश्वास का प्रतीक बना।



इस अवसर पर, वीर राकेश जैन पलंदी के सहयोग से आदीश्वर गिर तीर्थ क्षेत्र को एक व्हील चेयर भेंट की गई, जो विकलांग व्यक्तियों की सहायता के लिए बेहद उपयोगी होगी। यह कदम संगठन के सामूहिक सेवा भाव को उजागर करता है और समाज के प्रति जिम्मेदारी को दर्शाता है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि आगामी महावीर जयंती को अत्यधिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा, और संगठन में कोई भी मतभेद या मनभेद नहीं होने देंगे। यह निश्चित किया गया कि सभी सदस्य एकजुट होकर समाज के उत्थान और संगठन की समृद्धि के लिए कार्य करेंगे।सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को भविष्य में संगठन की सफलता और समुदाय के हित में कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

## जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने इटारसी और नर्मदापुरम के मुस्लिम भाइयों को दी ईद की शुभकामनाएं



**इटारसी।** ईद के पावन अवसर पर? जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत पांडे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ओम सेन ,प्रदेश कांग्रेस महासचिव राजकुमार केलु उपाध्याय, पूर्व नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष अजय शुक्ला, पूर्व पार्षद नरेश चौहान, जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार, पूर्व एल्डरमैन पार्षद अनिल बस्तबार, पार्षद दिलीप गोस्वामी, सहित अनेक कांग्रेसियों ने नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष रफत जहां सिद्दीकी एवं नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष नसीम खान के निवास पर पहुंचकर ईद की शुभकामनाएं दी। मुस्लिम भाइयों का पर्व ईद के पावन अवसर पर कांग्रेस नेता शेख रफीक, पप्पू भाई, युवा कांग्रेस नेता गुफरान अंसारी, यूनुस पठान ,जमील सहित शहर के सभी मुस्लिम भाइयों को शुभकामनाएं प्रेषित की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडे , प्रदेश कांग्रेस महासचिव राजकुमार केलु , जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार नर्मदापुरम पहुंचे जहां कांग्रेस नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी के साथ कांग्रेस के सुमेरसिंह पटेल के प्रतिष्ठान पर पहुंचकर उनके स्वास्थ्य का हाल जाना। युवा नेता फैजान उलक , गुलाम हैदर, गुलाम मुस्तफा, जाकिर खान, शरीफराइन , बशीकखान, गुड्डू भैया , आसिफ राइन के निवास पर भी पहुंचे और उन्हें ईद की शुभकामनाएं दी।

## आयुषी बिसेन का आल इंडिया यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में चयन जिले की पहली महिला खिलाड़ी

**सिवनी।** उत्कृष्ट क्रिकेट खिलाड़ी अपने खेल कला कौशल प्रदर्शन राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कर रहे है वहीं सिवनी की महिला क्रिकेट खिलाड़ी भी अपना जलवा बिखरने के लिए तैयार है। सिवनी जिले के खेल जगत के लिए यह गौरव का क्षण है और जिले के खेल जगत के खेल प्रेमियों के लिए गर्व का विषय है क्योंकि जिले की आयुषी बिसेन ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है आयुषी बिसेन जिले की प्रतिभाशाली महिला क्रिकेटर बनकर उभरी है उनका चयन ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप के लिए हुआ आयुषी सिवनी की पहली महिला क्रिकेटर बन गई है जो इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भाग लेंगी।

## मां ताप्ती के पावन तट से जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

### विधायक ,कलेक्टर ,और जनप्रतिनिधियो ,ने किया श्रमदान बालिकाओं ने निकाली जल कलश यात्रा



**मुलताई।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशानुरूप जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य जिले के मुलताई में मां ताप्ती के पावन तट से जल गंगा संवर्धन अभियान का भव्य शुभारंभ हुआ। मां ताप्ती का विधिवत पूजन अर्चन कर अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विधायक चंद्रशेखर देशमुख जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, भाजपा अध्यक्ष सुधाकर पवार,नपा अध्यक्ष श्रीमती वर्षा गडेकर, पूर्व विधायक हेमंत राव देशमुख, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन सहित जनप्रतिनिधि ,अधिकारीयो ने कार्यक्रम में प्राचीन माता मंदिर के समीप स्थित प्राचीन बावड़ी मे श्रमदान कर जल स्रोतों की स्वच्छता का संदेश दिया। जिला पंचायत अक्षत जैन ने बताया कि जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून तक चलाया जाएगा। अभियान के दौरान जन सहयोग से जल संरचनाओं के निर्माण मरम्मत, साफ - सफाई और पौध-रोपण के कार्य किए जायेंगे। प्रशासनिक तौर पर 50 करोड़ से अधिक राशि से 3500 से अधिक कार्य किए जाएंगे जिसमें प्रमुख रूप से खेत तालाब का निर्माण, अमृत सरोवर निर्माण, कूप निर्माण, सामुदायिक तालाब का निर्माण इत्यादि कार्य होंगे। जल संसाधन विभाग द्वारा भी 107 मध्यम एवं लघु सिंचाई परियोजना के कार्य किए जाएंगे। इसी के साथ वन, पंचायत सहित अन्य विभागों के द्वारा पौधरोपण भी कराया जायेगा। श्री जैन ने बताया कि अभियान के दौरान जल संरचनाओं को चिन्हित कर राजस्व अभिलेख में दर्ज किया जाएगा और जल स्रोतों पर हुए अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही भी होगी। केंद्र एवं राज्य शासन की सिंचाई से जुड़ी योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के लिए 5000 से अधिक जलदूत वॉलिंटियर का भी रजिस्ट्रेशन किया गया है। जनसहभागिता से जल गंगा संवर्धन अभियान का जिले में सफल क्रियान्वयन किया जाएगा।

## लोधी ने ओंकारेश्वर में किया सफाई अभियान का शुभारंभ



**खंडवा।** मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं खंडवा ज़िले के प्रभारी मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने सोमवार को ओंकारेश्वर स्थित गौमुख घाट पर सफाई अभियान का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने माँ नर्मदा का विधि विधान से पूजन किया।इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वच्छता के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है लेकिन लोगों का स्वच्छता के प्रति जागरूक होना भी आवश्यक है।जागरूकता ही बदलाव की सीढ़ी है।हर व्यक्ति का छोटा सा प्रयास स्वच्छता के क्षेत्र में बड़ा बदलाव ला सकता है।उन्होंने कहा कि ओंकारेश्वर में साफ़ सफ़ाई रखने के लिए अभियान संचालित किया जाएगा।साथ ही लोगों को गंदगी ना करने के लिए प्रेरित भी किया जाएगा।उन्होंने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून तक आयोजित किया जा रहा है।इसका उद्देश्य जन भागीदारी से जल संरक्षण करना है और साथ ही जल संवर्धन के कार्य भी किए जाएँगे।इस अभियान के तहत ओंकारेश्वर में भी कार्य किए जाएँगे।उन्होंने कहा कि ओंकारेश्वर में स्वच्छता को लेकर जो भी कमियाँ पाई गई हैं उन्हें योजना बनाकर दूर किया जायेगा।

इसके अलावा प्रभारी मंत्री लोधी ने ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग महादेव एवं ममलेश्वर महादेव के दर्शन कर जलाभिषेक किया। उन्होंने बाबा ओंकारेश्वर से प्रदेश की समृद्धि, विकास और कल्याण की प्रार्थना की।वे पैदल पुल से ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने पहुंचे। इस अवसर पर मंत्री लोधी को कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने प्रतीक स्वरूप बाबा ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग का चित्र भेंट किया।

इस दौरान कलेक्टर गुप्ता ने बताया कि ओंकारेश्वर में 1 अप्रैल से सिंगल यूज प्लास्टिक, पॉलीथीन, डिस्पोजल पूरी तरह प्रतिबंधित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक कटलरी- प्लेट, कप, गिलास, काँटे, चम्मच, चाकू, प्लास्टिक ट्रे, स्ट्रा, ईयरबड, प्लास्टिक के डिस्पोजल, दोना ,पत्तल,गिलास आदि प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा 120 माइक्रोन से कम मोटाई वाले गैर बुना प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक पानी के पॉउच, और 500 मिली लीटर से कम क्षमता वाले प्लास्टिक पानी की बोतलें, खाद्य पदार्थों में, मिठाई के डिब्बों, निमंत्रण कार्ड और सभी वस्तुओं के चारों ओर प्लास्टिक रैपिंग या पैकिंग फिल्म भी प्रतिबंधित रहेगी। इसी तरह प्लास्टिक स्टिक के साथ गुब्बारे, प्लास्टिक झंडे, कैंडी और आइसक्रीम स्टिक, 100 माइक्रोन से कम मोटाई वाले पॉली विनाइल क्लोराइड (पीवीसी) से बने प्लास्टिक बैनर, सजावट के लिए प्लास्टिक पॉलीस्टायरिन थर्मोकोल भी प्रतिबंधित रहेगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए दुकानदारों को पंपलेट भी वितरित किए जा रहे हैं।

इस दौरान मांधाता विधायक नारायण पटेल, एसडीएम पुनासा शिवम प्रजापति, सी.एम.ओ. संजय गीते सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण मौजूद थे।

## नपा क्षेत्र छोड़कर मूलभुत सुविधाओं से ग्रसित ग्रमीण इलाके मे बनाया खरीदी केंद्र



**बैतूल।** आठनेर में शासकीय अधिकारियों की भ्रष्ट नीतियो का एक बड़ा उदाहरण सामने आया है। आठनेर मे किसानों की सुविधाओ को दर किनार करते हुए इस वर्ष रबी उपार्जन विपणन वर्ष 2025-26 के लिए ग्रामीण स्तर पर वेयरहाउस का चयन किया गया है। आठनेर स्थित अष्टविनायक वेयरहाउस सभी मूलभूत डामर रोड पर सुविधा जनक है। जिसे इस वेयर हाउस को खरीदी केंद्र नहीं बनाया गया। जिससे किसान अपनी फसलों को आसानी से लाने-ले जाने की सुविधा मिलती है। शासन की गाइडलाइन और मापदंडों को पूरा करने के बावजूद इस वेयरहाउस को अनदेखा किया जाकर अनियमितता, भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है।इसके विपरीत ग्रामीण क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं से वंचित 10 से 12 किलोमीटर दूर एक वेयरहाउस को खरीदी केंद्र बना दिया है। किसानों का आरोप है कि केंद्र एक ही परिवार सदस्यों को उपार्जन केंद्र देकर नियमों की अनदेखी करके भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के इरादे से चयनित किया गया है। जिससे किसानों में आक्रोश है। क्षेत्र के किसान सुनील पटेल, शिवाजी पटेल, सोनू पटेल, गोविंद कनाठे और कृष्णा पाटणकर सहित किसानों ने नाराजगी जताई है । कहना है कि शासन द्वारा पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से बनाए गए। नियमों का उलंघनन और किसानों हितों को अनदेखा कर रहे है।

## पंचतत्व ने पक्षियों के जलपात्र वितरित कर, किया नववर्ष का स्वागत

### समिति के सदस्यों ओर पत्रकार गण के साथ किया कार्यक्रम



**गंज बासौदा।** दैनिक सांध्य प्रकाश पंचतत्व संरक्षण समिति हर वर्ष नवसंवत्सर गुड़ी पड़वा के दिन से पक्षी चेतना अभियान के अंतर्गत प्यासे पक्षियों के लिए पानी , मुट्ठी भर दाने तथा विचरते पशुओं के लिए जल पात्र (मिट्टी से बने सकोरे) ओर पानी की टंकी रखकर ओर वितरित कर नव वर्ष का स्वागत करती है, इस वर्ष भी पंचतत्व ने यह कार्यक्रम समिति के सदस्यों के साथ नगर के पत्रकारों को अतिथि बनाकर स्थानीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया। जिसमें अतिथियों द्वारा पर्यावरण की परम्परा अनुसार पृथ्वी पूजन कर सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया, तत्पश्चात समिति की महिला सदस्य श्रीमती रीता भावसार, श्रीमती रानू सिंह, श्रीमती नीलू चौबे ओर श्रीमती दिव्या बैसाखिया द्वारा अतिथि डॉ डी पी शर्मा,गोविंद नायक, सत्यनारायण शर्मा , यशपाल यादव, नीतीश नायक, अमित शुक्ला, रवि चौरसिया, राहुल माथुर, अभिषेक तिवारी, मुकेश सेन का तिलक लगाकर मिट्टी से बने सकोरे भेंट कर स्वागत ओर सम्मान किया, समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी ने समिति की प्रस्तावना रखकर बताया कि पंचतत्व वर्षभर में तीन मुख्य कार्यक्रम करती है जिसमें यह नवसंवत्सर गुड़ी पड़वा पर पक्षी चेतना अभियान एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, इस दिन से समिति प्यासे पक्षियों के दाना पानी पर प्यासे पशुओं को पानी की व्यवस्था करना शुरू कर पूरी गर्मी यह पुण्य कार्य करती रहती है इसमें नागरिकों का ओर समिति के सदस्यों का भी सहयोग हमेशा बना रहता है, वहीं वरिष्ठ पत्रकार गोविंद नायक जी ने पंचतत्व के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि हमारे शहर में उपलब्ध बेतवा नदी का पानी भी कम होने लगा है, आज नहीं तो कल हम सब भी जल न होने से परेशान होंगे इसलिए है सभी इसकी चिंता करना चाहिए वरिष्ठ पत्रकार डॉ. डी पी शर्मा ने पंचतत्व के पर्यावरण हित के कार्यों में सहयोग देने को जोर दिया, नगरपालिका में सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने पंचतत्व समिति ने पाराशरी नदी के कायाकल्प अभियान की महत्वपूर्ण भूमिका को सराहा और कहा आज पंचतत्व समिति ने पक्षियों के लिए नया प्रस्ताव बर्ड हाउस बनाने का रखा वह भी सराहनीय है जिसे नगरपालिका द्वारा शीघ्र दोनों स्थानीय पार्क लक्ष्मी बाई उद्यान और मदनलाल जी मिश्र उद्यान में बनाए जाएंगे , पंचतत्व समिति के प्रमोद सिंह राजपूत ने कहा कि पंचतत्व अकेले पर्यावरण नहीं बचा सकती पर हम सब लोग पंचतत्व का सहयोग कर पर्यावरण बचा सकते हैं, समिति पूरी गर्मी सकोरे ओर होदी रखती है।

## सहायक आयुक्त वंदना गुप्ता आखिर कब नींद से जागेंगी

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सेमरखापा में छात्राओं से अभद्रता व छात्रावास में भ्रष्टाचार का मामला सुर्खियों में

### जिला कलेक्टर को बताई छात्राओं ने आपबीती

**मंडला,** जिला मुख्यालय के नजदीक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सेमरखापा अचली एवं बालक आश्रम प्रेमपुर में हुए मासूम बच्चों के साथ साथ शिक्षा एवं पढ़ाई के नाम पर जानवरों से बदतर दुर्दशा की वीडियो वायरल हुई है जो वीडियो सहायक आयुक्त वंदना गुप्ता एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी रंजीत गुप्ता के साथ-साथ जिला कलेक्टर को भी बच्चों की आपबीती हालत मयसाक्ष्य के भेजी गई है, परन्तु सहायक आयुक्त वंदना गुप्ता द्वारा मामले को जांच एवं प्रतिवेदन का झांसा देकर दोषियों से मोटी रकम वसूल कर मामले पर जांच का पर्दा डालकर दोषियों को खुलेआम संरक्षण देकर मामले को रफा-दफा कर दिया गया है। जहां बच्चों के साथ हुए इस दुर्दशा की साफ़-साफ विडियो आला-अधिकारियों को सौंपी गई है और अधिकारियों की निगरानी में दोषियों के खिलाफ मयसाक्ष्य सबूत होने के बावजूद भी दोषियों को संरक्षण प्रदान किया जाता हो ऐंसें जिम्मेदारों से क्या उम्मीद की जा सकती है इसके पहले भी एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सेमरखापा में आये दिन छात्राओं के साथ जातीय तथा छात्रावास में भ्रष्टाचार का मामला सुर्खियों में बना हुआ है।

एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य जी एल कांवड़े को इसके पहले भी लापरवाही तथा भ्रष्टाचार का दोषी पाकर जिला कलेक्टर द्वारा कांवड़े का इंक्रीमेंट पर रोक लगाया गया एवं मामले में दोषी ठहराया गया बावजूद इसके लापरवाहियों ने अपना रुआब नहीं बदला बल्कि जिम्मेदारों को उनकी कीमत देकर अपने होंसले बुलंद करते जा रहे हैं।

शासकीय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सेमरखापा में विगत दिवस दिनांक 28/02/2024 का मामला सामने आया है जिसमें छात्राओं द्वारा छात्रावास के प्राचार्य एवं अधीक्षिका से पीड़ित होकर जिला कलेक्टर को उनकी शिकायत की गई,वहीं जान जोखिम में डालकर छात्राओं ने बड़ी मुश्किल से अपनी आपबीती तथा प्राचार्य की जातीय का किस्सा जिला कलेक्टर महोदय के समक्ष रखा। जिसमें छात्राओं का कहना है कि प्राचार्य एवं अधीक्षिका द्वारा हमें आये दिन पीड़ित किया जा रहा है इसकी जानकारी हमने पहले भी हमारे अधिकारियों तथा पालकों को दिया है जिसके चलते जांच में सहायक आयुक्त आये थे,परन्तु प्राचार्य एवं अधीक्षिका खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं किया गया।

बालक आश्रम प्रेमपुर के अधीक्षक डी.सी.वंशकार के खिलाफ लापरवाहियों एवं बच्चों को प्रताड़ित करने का मामला स्वयं विभाग के कर्मचारियों द्वारा स्पष्ट किया गया है, परन्तु सहायक आयुक्त के खुलेआम संरक्षण का यह नतीजा है कि जहां बच्चों के साथ शिक्षा एवं पढ़ाई के नाम पर जानवरों से बद्तर सलूक किया जा रहा है, परन्तु सहायक आयुक्त को अपनी तिजोरी भरने के अलावा कुछ दिखाई नहीं देता है, मामले की विडियो-फोटो एवं जानकारी जिला कलेक्टर डॉ सोमेश मिश्रा जी को स्पष्ट किया गया है जिसमें जिला कलेक्टर द्वारा दोषियों एवं सहायक आयुक्त तथा बीईओ के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है।

सहायक आयुक्त आदिवासी जनजातीय कार्य विभाग का एक शर्मशार एवं दर्दनाक मामला भी कुछ दिनों पहले समाचार पत्रों में सामने आया था,एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सेमरखापा से एक छात्रा के गायब होने का मामला सुर्खियों में बना हुआ है।

प्राचार्य जी एल कांवड़े को उनकी लापरवाहियों का दोषी पाते हुए उनके खिलाफ अनेकों दफा वैधानिक कार्यवाही की जा चुकी बावजूद इसके प्राचार्य जी एल कांवड़े की हरकतों एवं लापरवाहियों में कोई बदलाव नहीं आया है।अब देखना

यह है कि शासन-प्रशासन द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए क्या कार्यवाही किया जाता है या फिर भ्रष्टाचारी के चलते आला-




अधिकारियों एवं जिम्मेदारों द्वारा मामले को बंद तिजोरी में रखकर मामले को रफा-दफा कर दिया जाएगा तथा अगले सत्र में भी छात्राओं को उनके इस लापरवाह तथा भ्रष्टाचारी प्राचार्य एवं अधीक्षिका की जातीयता का सामना करना होगा, इसके पहले भी विगत दिनों समाचार पत्रों में हरदा जिले का एक मामला सामने आया था जिसमें छात्रावास की छात्रा अपने प्राचार्य द्वारा परेशान एवं दुष्कर्म किए जाने से पीड़ित होकर आत्महत्या कर ली थी।

### इनका कहना है

मुझे पुरानी जानकारी नहीं है आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है मैं मामले को दिखवाती हूं।

**वंदना गुप्ता**
सहायक आयुक्त मण्डला।

## हिंदू उत्सव समिति द्वारा आयोजित हुई नव वर्ष गुड़ी पड़वा पर 21 श्रेष्ठ गायक कलाकारों द्वारा भव्य भजन संध्या



**गंजबासौदा।** गुड़ी पड़वा नव वर्ष के पावन पर्व पर बासौदा हिन्दू उत्सव समिति द्वारा स्थानीय गायक कलाकारों के द्वारा भव्य भजन संध्या का आयोजन कालेवाग स्थित एक निजी गार्डन में किया गया। जिसमें शहर के 21 श्रेष्ठ कलाकारों ने देर रात तक भजनों की शानदार प्रस्तुति दी जिसके कारण हजारों की संख्या में पधारे श्रोता भजनों की प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध हो गए। भव्य भजन संध्या का शुभारंभ श्रीराम दरबार ,मां शीतला की विधि विधान से पूजन अर्चन से हुआ प्रारंभ गणेश वंदना और मां दुर्गा की आरती की गई। नव वर्ष का स्वागत भव्य आतिशबाजी से किया गया।इस अवसर पर विशेष रूप से अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि यादव,जनपद अध्यक्ष श्रीमती नीतू रघुवंशी,जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गायत्री रघुवंशी,

**भजन संध्या का आयोजन चला देर रात तक**-भजन संध्या के भव्य आयोजन का संचालन अभय शर्मा द्वारा किया गया व भव्य भजनों की प्रस्तुति श्रेष्ठ कलाकारों के द्वारा भजन गायन हुआ जिसमें शरद शर्मा , राजेश नायक गड़ायला , संदीप तिवारी , लखन महाराज , डॉ अमृता करुणेश्वरी , ब्रजराज अग्रवाल, मयंक भार्गव , शुभांशु झा , महेन्द्र राजपूत , महेन्द्र भार्गव , लीलाधर शर्मा , राहुल शुक्ला , चंद्रकांता , सूर्यप्रकाश श्रीवास्तव , पं. नरेश राज वैरागी , संजय शर्मा , नवीन व्यास , सीताराम विश्वकर्मा, सुश्री प्राशी विश्वकर्मा, संजय मिश्रा द्वारा भजन गायन हुआ।

## वायरल वीडियो से हुईं अटकलें तेज

# आर बाल्की की नई फिल्म में काम करेंगी कृति सेनन?



बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन को आखिरी बार 2024 की फिल्म दो पत्ती में देखा गया था। दर्शकों को बेसब्री से कृति की नई फिल्म का इंतजार है। अब कृति को हाल ही में मुंबई के बांद्रा में फिल्म निर्माता आर बाल्की के ऑफिस में देखा गया। कृति और निर्देशक की इस मुलाकात से इन अटकलों को हवा मिलीं कि जल्द ही वे दोनों साथ में किसी प्रोजेक्ट पर काम कर सकते हैं।

नए प्रोजेक्ट की अफवाहों को हवा देने के अलावा कृति के आर बाल्की के ऑफिस जाने के दौरान अपने लुक से भी सुर्खियां बटोरीं। इस दौरान वह अपने फैशनेबल लुक में नजर आईं। यूजर्स को उम्मीद है कि आर बाल्की और कृति साथ में काम कर सकते हैं। हालांकि, इस बारे में न तो आर बाल्की की ओर से और न ही कृति सेनन की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी सामने आई है।

नए प्रोजेक्ट की अफवाहों को हवा देने के अलावा कृति के आर बाल्की के ऑफिस जाने के दौरान अपने लुक से भी सुर्खियां बटोरीं। इस दौरान वह अपने फैशनेबल लुक में नजर आईं। यूजर्स को उम्मीद है कि आर बाल्की और कृति साथ में काम कर सकते हैं। हालांकि, इस बारे में न तो आर बाल्की की ओर से और न ही कृति सेनन की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी सामने आई है।

कृति सेनन ने इस दौरान पैपराजी का अभिवादन किया, लेकिन अभिनेत्री ने तस्वीरें लेने के लिए रुकी नहीं और जल्दी में थीं। कृति को बैगी डेनिम्स, मैचिंग हैंडबैग और गहरे रंग के सनग्लासेस के साथ ग्रे स्लीवलेस टॉप में देखा गया। इससे पहले द क्रू के एक साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए कृति ने अपने प्रशंसकों के साथ एक वीडियो शेयर किया था। इसमें वह अपने बालों को छोटा करती हुई दिखाई दे रही थीं।

इस बीच, कृति आनंद एल राय की रोमांटिक थ्रिलर फिल्म तेरे इश्क में की शूटिंग में व्यस्त हैं, जिसमें वह साउथ सुपरस्टार धनुष के साथ अभिनय कर रही हैं। यह फिल्म अपनी घोषणा के बाद से ही सुर्खियों में बनी हुई है। जनवरी में जारी किए गए टीजर में कृति को एक रहस्यमय भूमिका में दिखाया गया था।

## उगादी पर चिरंजीवी ने शुरू की मेगा 157 की शूटिंग, वेंकटेश दग्गुबाती के साथ साझा कीं तस्वीरें



मेगास्टार चिरंजीवी ने अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है, जिसका संभावित नाम मेगा 157 है। अभिनेता ने इस फिल्म के लिए निर्देशक अनिल रविपुडी के साथ मिलकर काम किया है। चिरंजीवी ने उगादी के अवसर पर फिल्म के सेट से कई तस्वीरें पोस्ट कीं, जो नई शुरुआत का प्रतीक है। फिल्म को अभिनेता वेंकटेश दग्गुबाती ने लॉन्च किया, जिन्होंने पहले फिल्म के क्लैपबोर्ड के साथ पोज दिया और फिर मेगास्टार के साथ गले मिले।

चिरंजीवी ने मेगा 157 के पूजा समारोह से कई तस्वीरें साझा कीं। तस्वीरों को साझा करते हुए उन्होंने लिखा, उगादी के इस खुशी के अवसर पर मैं अद्भुत निर्देशक अनिल रविपुडी, निर्माता साहू गरपति, सुष्मिता कोनिडेला और मेगा 157 की पूरी टीम के साथ अपनी यात्रा शुरू करने में खुश हूं। इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए मेरे प्रिय वेंकटेश दग्गुबाती और इंडस्ट्री के मेरे सभी दोस्तों का बहुत-बहुत धन्यवाद।



हालांकि बाकी कलाकारों के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन अदिति राव हैदरी या परिणीति चोपड़ा के फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने की संभावना है। इस बारे में आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। रिपोर्ट के अनुसार, मेगा 157 में कॉमेडी, इमोशनल और हाई-ऑक्टेन एक्शन का तड़का लगेगा।

अनिल रविपुडी द्वारा लिखित इस फिल्म में चिरंजीवी शंकर वरप्रसाद की भूमिका में हैं। तकनीकी टीम में सिनेमैटोग्राफर के रूप में समीर रेड्डी, संगीत को संभालने वाले भीम्स सेसिरोलेओ और संपादक के रूप में तम्मीराजू शामिल हैं। वहीं, चिरंजीवी की अगली फिल्म विश्वंभरा है। पहले यह फिल्म जनवरी 2025 में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसकी रिलीज डेट बढ़ाकर मई 2025 कर दी गई है।

## आयुष्मान खुराना ने साझा की फिल्म 'थामा' के सेट से तस्वीर, कैप्शन ने बढ़ाया लोगों का उत्साह



आयुष्मान खुराना इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'थामा' की शूटिंग में व्यस्त हैं। ये फिल्म दिनेश विजन और अमर कौशिक के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है। दर्शकों को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। फिल्म के कलाकार अक्सर फिल्म से जुड़ी तस्वीरें अपने सोशल मीडिया पर साझा करते रहते हैं। अब अभिनेता आयुष्मान खुराना ने फिल्म की शूटिंग के दौरान की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की है।

आयुष्मान खुराना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म 'थामा' के सेट से एक तस्वीर साझा की है। ये तस्वीर शूटिंग के वक्त की है। आयुष्मान की तस्वीर में शूटिंग के उपकरण नजर आ रहे हैं, साथ ही सेट पर कई लोग भी दिखाई पड़ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ आयुष्मान ने हैशटैग थामा के साथ लिखा है 'ग्रेवयार्ड शिफ्ट'। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म में आयुष्मान खुराना के साथ रश्मिका मंदाना, परेश रावल और नवाजुद्दीन सिद्दीकी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है। थामा को इस साल दीवाली पर रिलीज किया जाना है। यह फिल्म 'स्त्री', 'स्त्री 2', 'भेड़िया' और 'मुंज्या' के यूनिवर्स का ही हिस्सा है। ऐसे में संभव है कि इस फिल्म में इनमें से किसी फिल्म के किरदार का कैमियो भी नजर आ सकता है।

इस फिल्म में एक वैम्पायर की कहानी दिखाई जाएगी। मेकर्स ने इसे एक खूनी लव स्टोरी करार दिया है। जिसकी कहानी दो अलग-अलग समय पर आधारित होगी। वर्कफ्रंट की बात करें तो आयुष्मान खुराना आखिरी बार 2023 में आई फिल्म 'ड्रीम गर्ल 2' में नजर आए थे। ये 2019 में आई उनकी फिल्म 'ड्रीम गर्ल' का अगला भाग थी।

## देश को बड़े खतरे से बचाने निकले कार्ति, सरदार 2 के मेकर्स ने ईद पर फैंस को दिया डबल तोहफा



साउथ स्टार कार्ति की मच अवेटेड फिल्म 'सरदार 2' के मेकर्स ने आज ईद के मौके पर फैंस को बड़ा तोहफा दिया है। मेकर्स ने सफल जासूसी फिल्म के अगले भाग का आज फर्स्ट लुक और टीजर वीडियो जारी कर दिया गया है। इस फिल्म के जरिए कार्ति एक बार फिर बड़े पर्दे पर तहलका मचाने आ रहे हैं। 'सरदार 2' के मेकर्स ने ईद के मौके पर कार्ति के फैंस का दिन बना दिया है। मेकर्स ने फिल्म का एक टीजर वीडियो जारी किया है, जिसे प्रोलॉग वीडियो बताया है। लगभग तीन मिनट लंबे इस वीडियो में कार्ति जबरदस्त एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं। टीजर की शुरूआत में चीनी सेना दिखती है। चीनी सेना एक व्यक्ति से पूछती है कि क्या डेलीगेट अभी भी अंदर है? व्यक्ति कहता है हां, दरवाजा बंद हुए एक घंटा हो चुका है। जिसके बाद सेना दरवाजे को तोड़ने का प्रयास करने लगती है। वहीं दरवाजे के अंदर तलवारों से युद्ध चल रहा है। जिसमें एक तलवार पर सबसे पहले कार्ति की झलक दिखती है।

उसके बाद कार्ति दरवाजे के अंदर तलवार लेकर एक्शन करते नजर आते हैं। काफी एक्शन के बाद एक व्यक्ति कार्ति से पूछता है तुम कौन शैतान हो और मुझसे क्या चाहते हो? इसके बाद वो व्यक्ति कार्ति के ऊपर हमला करता है, लेकिन वो उससे बच जाते हैं। इसके बाद कार्ति का पूरा लुक सामने आता है और वो व्यक्ति कार्ति को देखकर कहता है सरदार।

बाद में वो व्यक्ति सरदार से कहता है कि तुम्हारे देश की ओर एक बड़ी प्रलय आ रही है। जिसे कोई नहीं रोक पाया है। पूरी दुनिया की खुफिया एजेंसियां उसके पीछे पड़ी हैं। ब्लैक डैगर आ रहा है। इसके साथ ही एसजे सूर्या के किरदार की दमदार तरीके से एंट्री होती है। वहीं सरदार उस व्यक्ति से कहता है कि हमारे देश में एक कहावत है कि 'जब युद्ध हम पर हावी होता है, हम जीवन की परवाह नहीं करते।' इसके बाद कार्ति उस व्यक्ति को मार देता है। फिल्म में एसजे सूर्या खूंखार विलेन ब्लैक डैगर के किरदार में हैं। इस वीडियो से ये पता चलता है कि फिल्म की कहानी जासूस सरदार के ब्लैक डैगर को हराने और देश को बचाने के मिशन के इर्द-गिर्द घूमेगी। इस टीजर वीडियो से पहले मेकर्स ने सरदार 2 का फर्स्ट लुक जारी किया था।

## 'सिकंदर' के आगे भी मजबूती से डटी है 'छावा', जानिए एल 2 एम्पुरान-द डिप्लोमैट का कारोबार

द डिप्लोमैट और एल 2 एम्पुरान का विकल्प भी है। बॉक्स ऑफिस पर कमाई के मामले में सिकंदर पहले दिन कहां टिकी? और उसके आने से बाकी फिल्मों की हालत कैसी है? ए आर मुरुगदास के निर्देशन में बनी सलमान खान और रश्मिका मंदाना अभिनीत फिल्म सिकंदर का दर्शक बेकरारी से इंतजार कर रहे थे। उम्मीद जताई जा रही थी कि यह फिल्म आते ही छा जाएगी। हालांकि, ओपनिंग डे की कमाई के आंकड़े उम्मीदों पर पानी फेर रहे हैं। इस फिल्म ने कल रविवार को पहले दिन 26 करोड़ रूपये की कमाई के साथ खाता खोला।






सिनेमा के शौकीनों के लिए बॉक्स ऑफिस पर बहार आई हुई है। ईद के मौके पर सलमान खान ने फैंस को तोहफा दिया है। लंबे इंतजार के बाद उनकी फिल्म रिलीज हो चुकी है। वहीं विक्की कौशल की छावा पहले से छाई हुई है। द डिप्लोमैट और एल 2 एम्पुरान का विकल्प भी है। बॉक्स ऑफिस पर कमाई के मामले में सिकंदर पहले दिन कहां टिकी? और उसके आने से बाकी फिल्मों की हालत कैसी है? ए आर मुरुगदास के निर्देशन में बनी सलमान खान और रश्मिका मंदाना अभिनीत फिल्म सिकंदर का दर्शक बेकरारी से इंतजार कर रहे थे। उम्मीद जताई जा रही थी कि यह फिल्म आते ही छा जाएगी। हालांकि, ओपनिंग डे की कमाई के आंकड़े उम्मीदों पर पानी फेर रहे हैं। इस फिल्म ने कल रविवार को पहले दिन 26 करोड़ रूपये की कमाई के साथ खाता खोला। बजट को देखते हुए यह कलेक्शन औसत से भी कम है। फिल्म का बजट करीब 200 करोड़ रूपये बताया जा रहा है। देखते हैं आज सोमवार को ईद के त्यौहार पर फिल्म की कमाई में कितनी बढ़त दर्ज होती है?

मोहनलाल अभिनीत फिल्म एल 2 एम्पुरान 27 मार्च 2025 को थिएटर्स में पहुंची। यह फिल्म पैन इंडिया स्तर पर रिलीज हुई है। इसे मलयालम, हिंदी, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ भाषाओं में देखा जा सकता है। फिल्म ने 21 करोड़ रुपये की ओपनिंग के साथ शुरुआत की। दूसरे दिन कमाई 11.1 करोड़ रुपये रही। वहीं, शनिवार को तीसरे दिन 13.25 करोड़ रुपये कमाए। कल रविवार को चौथे दिन इस फिल्म ने 14 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इस फिल्म का टोटल कलेक्शन 59.53 करोड़ रुपये हो गया है। इस फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन, टोविनो थॉमस, मंजू वॉरियर, और इंद्रजीत सुकुमारन जैसे सितारे भी नजर आए हैं। विक्की कौशल की फिल्म डेढ़ महीने बाद भी मजबूती से टिकी है। कल रविवार को सिकंदर की रिलीज के बाद भी इसने ठीकठाक कारोबार किया है।

# गोदामों के निरीक्षण में लापरवाही करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध करें सख्त कार्रवाई: गोविंद सिंह राजपूत

» भंडारण शुल्क दरें पुनरीक्षित नहीं करने वाले अधिकारियों को दे नोटिस » शासकीय गोदामों के रिक्त क्षमता का व्यवसायिक उपयोग सुनिश्चित करने खाद्य मंत्री ने दिए निर्देश » वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के संचालक मंडल की बैठक में हुए कई नीतिगत निर्णय



**भोपाल।** गोदामों का नियमानुसार निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन कराया जाये। इस कार्य में लापरवाही करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। उपार्जित खाद्यान्न के भंडारण के साथ ही शासकीय गोदामों में उपलब्ध रिक्त क्षमता के उपयोग के लिये अन्य वैकल्पिक व्यवसाय प्राप्त करने के प्रयास करें। शासकीय गोदामों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करें। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने यह निर्देश मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन की संचालक मंडल की बैठक में दिये।

मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि निगम की वर्ष 2016 के बाद प्रतिवर्ष भंडारण शुल्क दरें पुनरीक्षित नहीं की गई हैं। इस कार्य में देरी करने वाले तत्कालीन शाखा प्रभारी रहे महाप्रबंधक एवं अन्य अधिकारियों को नोटिस जारी करें। उन्होंने नियमानुसार 1 अप्रैल 2025 से नवीन दरें लागू करने की स्वीकृति भी दी।

## गोदामों में भंडारण की समय-सीमा निर्धारित करें

मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि गोदामों में उपार्जित अनाज के भंडारण की समय–सीमा निर्धारित की जाये। मैकेनाईज्ड सीड सेग्रीगेशन मशीन का उपयोग सुनिश्चित करें। मशीनों की गुणवत्ता का भी परीक्षण कराया जाये।श्री राजपूत ने कहा कि निगम अंतर्गत निर्माण शाखा सहित अन्य शाखाओं में रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति की कार्यवाही जल्दी करें। वर्ष 2020–21 में निगम अंतर्गत धान के रखरखाव के लिये अधिकृत की गई कंपनी द्वारा बरती गई लापरवाही के कारण निगम को हुई आर्थिक क्षति की प्रतिपूर्ति कंपनी से सुनिश्चित की जाये। इसके लिये प्रचलित आर्बीटेशन प्रकरण में शासन का पक्ष मजबूती से रखें। स्थानांतरण नीति बनाने में विलंब नहीं करें। नियमानुसार दिव्यांग जनों की भर्ती प्रक्रिया समय–सीमा में पूरी करें। उन्होंने कहा कि केप पर भंडारण अति आवश्यक होने पर ही किया जाये। गोदामों में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी के लिये निर्धारित मापदंड के साइन बोर्ड लगवायें। गोदामों की मरम्मत साफ–सफाई एवं रंग–रोगन प्रभावी ढंग से किया जाये। इन सुविधाओं के लिये वर्ष 2025–26 के बजट में राशि प्रावधानित करें।

## नवीन बीमा पॉलिसी में अधिकतम नुकसानों का कवर जरूरी

मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि निगम द्वारा प्रस्तावित नवीन बीमा पॉलिसी में पुरानी पॉलिसी में लागू प्रावधानों के साथ ही अन्य नुकसानों का अधिकतम कवरेज करने का भी प्रावधान करें। साथ ही नवीन पॉलिसी तत्काल लागू करने की कार्यवाही करें।

## ऐप से करें गोदामों की निगरानी: श्री शर्मा

बैठक में आयुक्त, खाद्य कर्मवीर शर्मा ने गोदामों के निरीक्षण के लिये ऐप बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि इससे निरीक्षण की लाइव जानकारी प्राप्त हो सकेगी। प्रबंध संचालक वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन अनुराग वर्मा ने कॉर्पोरेशन की गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक में संचालक मंडल के अन्य सदस्यों ने भी महत्वपूर्ण सुझाव दिये।

# हार्वेस्टरों में फायर सेफ्टी की कमी खेतों में आग का खतरा बढ़ा



**सुरेंद्रसिंह रघुवंशी, गंजबासौदा**

प्रदेश भर में इस समय गेहू की फसल पककर तैयार है और बड़े पैमाने पर कटाई का काम जोर–शोर से चल रहा है। लेकिन फसल कटाई के साथ–साथ खेतों में आग लगने की घटनाएं भी आए दिन सामने आ रही हैं। कहीं ये हादसे बीड़ी–सिगरेट पीने की लापरवाही से हो रहे हैं, कहीं खेतों के ऊपर से गुजरने वाले बिजली के झूलते तारों के शॉर्ट सर्किट से, तो कहीं कंबाईन हार्वेस्टर के संचालन के दौरान उत्पन्न घर्षण के कारण आग भड़क रही है।

हरियाणा, पंजाब सहित विभिन्न क्षेत्रों में स्थानीय किसानों के कंबाईन हार्वेस्टर हर साल लाखों हेक्टेयर खेतों में फसल कटाई के लिए सक्रिय रहते हैं। हालांकि, इस दौरान कहि कहि एक बड़ी समस्या उजागर हो रही है, कंबाईन हार्वेस्टरों से आग लगने की घटनाएं।

गर्मी के मौसम में कंबाईन हार्वेस्टर की गेहूं काटने वाली ब्लेड के अत्यधिक गर्म होने से उत्पन्न घर्षण या फैन बेल्ट के घिसने से खेतों में खड़ी फसल में आग लगने की खबरें आम हैं। चिंता की बात यह है कि खेतों में काम करने वाले लगभग 99त्न कम्बाईन हार्वेस्टरों में आग को रोकने के लिए कोई फायर सेफ्टी सिस्टम लगे नजर नहीं आते है। विशेषज्ञों का मानना है कि इन आधुनिक मशीनों में फायर सेफ्टी सिस्टम को अनिवार्य करना जरूरी है, ताकि इन घटनाओं से होने वाले तात्कालिक नुकसान को कम किया जा सके।

हर साल इन हादसों के चलते हजारों हेक्टेयर में खड़ी फसलें जलकर राख हो जाती हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक क्षति सहनी पड़ती है। इसके अलावा, फसल कटाई के बाद नरवाई (फसल अवशेष) को काटने के लिए उपयोग होने वाले स्ट्रॉ रीपर में भी घर्षण के कारण अचानक आग लगने की घटनाएं सामने आती हैं। इन मशीनों में भी फायर सेफ्टी उपकरणों का अभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

किसानों और विशेषज्ञों का कहना है कि कम्बाईन हार्वेस्टरों और स्ट्रॉ रीपर जैसे खेती के उपकरणों में फायर सेफ्टी सिस्टम को अनिवार्य किया जाना बेहद जरूरी है। इसके लिए प्रशासन को सख्ती बरतनी चाहिए, ताकि आगजनी की इन घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके और किसानों की मेहनत को बचाया जा सके। समय रहते इस दिशा में ठोस कदम उठाना न केवल फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, बल्कि किसानों के लिए एक सुरक्षित और स्थिर सुरक्षा कवच होगा।

# बैतूल में एमपी ट्रांस्को के कार्मिकों ने सीखी जीवन रक्षक तकनीक



**भोपाल।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) स्थानीय जिला चिकित्सालयों और मेडिकल कॉलेजों के सहयोग से मध्यप्रदेश में एम.पी. ट्रांसको के कर्मियों के लिए ''सी.पी.आर. एवं अन्य ऐसे ही जीवन रक्षक तकनीकों' पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में एक प्रशिक्षण कार्यशाला बैतूल में आयोजित की गई। प्रशिक्षण कार्यशाला में कंपनी के बैतूल स्थित सबस्टेशन एवं अति उच्चदाब संधारण बैतूल के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियो को मेडिकल आफिसर डॉ. रानू वर्मा द्वारा व्यवहारिक और उपयोगी प्रशिक्षण दिया गया। कंपनी के कार्मिकों एवं समाज के लिए बहुउपयोगी एवं जीवनरक्षक इस कार्यशाला के सफल आयोजन में एम.पी. ट्रांसको के करीब 30 मेंटनेन्स, ऑपरेटिंग एवं सुरक्षा कर्मियों ने हिस्सा लिया। सी.पी.आर. प्रशिक्षण के लिए उपयोग किये जाने वाले मानव पुतले एवं कुछ वीडियों की सहायता से सी.पी.आर. तकनीक का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि प्रत्येक प्रतिभागी विषय विशेषज्ञ की निगरानी में मानव पुतले पर सी.पी.आर. तकनीक का अभ्यास करे।

# पीएस एम एस बड़वासा में नवीन प्रवेश उत्सव का आयोजन



**गंजबासौदा।** समीपस्थ ग्राम पंचायत बड़वासा की प्राथमिक और माध्यमिक शाला (पीएस एम एस) में शाला में पहला कदम कार्यक्रम के अंतर्गत नवीन प्रवेश उत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत बड़वासा के सरपंच प्रतिनिधि रामराज रघुवंशी, सचिव देवराज तिवारी और रोजगार सहायक जमना अहिरवार सहित बड़ी संख्या लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में माध्यमिक शाला के प्रभारी अवधेश दीक्षित, प्राथमिक शाला की प्रभारी मुन्नी बाई रिंकेश श्रीवास्तव,आशीष आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मनजीत कौर गिल, आशा कार्यकर्ता अनिता कुशवाहा, आंगनबाड़ी सहायिका शोभा बाई। उत्सव में नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत किया गया और शाला में उन्हें स्कूल किट प्रदान की गई जिसमें बेग, किताबें,पेन सामग्री प्रदान की गई।

# गर्मी से मानव स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभाव तथा रोगों से बचाव, रोकथाम एवं नियंत्रण

**मुरैना।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मध्यप्रदेश भोपाल की गाईडलाइन अनुसार डॉ. गजेन्द्र सिंह तोमर सिविल सर्जन द्वारा एडवायजरी जारी कर जानकारी दी है कि राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत गर्मी से मानव स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभाव तथा रोगों से बचाव रोकथाम एवं नियंत्रण समयानुसार उपाय किये जाये तो मानव स्वास्थ्य को होने वाली हानि से बचाया जा सकता है। अगर घर से बाहर है और निर्जलीकरण के संकेत हो तो छाया वाली व शांत जगह पर चलें जायें एवं आराम करें। इलेक्ट्रॉल/ओआरएस फलो का रस आदि पेय पदार्थों का सेवन करते रहें। कॉर्बोनेटेड और कैफीन युक्त पेय से बचें। यदि स्थिति नियंत्रित नहीं है तो एम्बुलेंस को बुला कर हॉस्पीटल जाएं। यह सुझाव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गजेन्द्र सिंह तोमर ने जिले वासियों को दिये हैं। उन्होंने बताया कि घमौरियों गर्मीयों में पसीना अधिक आने के कारण शरीर की त्वचा पर भी असर होता है। पसीना शरीर पर आता है और जमता है। जिसके कारण त्वचा पर खुजली और एलर्जी हो जाती है। कई बार ज्यादा खुजली करने कारण त्वचा लाल हो जाती है। शरीर पर चुभन सी होती है जिसे काँटेदार गर्मी भी कहा जाता है। घमौरियों के लक्षण– छोटे गुलाबी या लाल रंग की त्वचा पर छोटे–छोटे दाने निकलना। जलन, खुजली त्वचा पर चुभन सी महसूस होना ऐसा तब होता है जब शरीर का पसीना आसानी से सूख पाता है। ठंडे पानी और कूलर की सहायता से शरीर का तापमान नियंत्रित करें।

# विश्व के प्राचीन ज्ञान का बोध संस्कृत भाषा से ही संभव: राज्यपाल



**भोपाल**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि संस्कृत भाषा विश्व की सबसे प्राचीन भाषाओं में से एक है। विश्व के प्राचीन ज्ञान का बोध संस्कृत भाषा के माध्यम से ही संभव हो सकता है। हमारी भारतीय संस्कृति के खजाने में छुपे ज्ञान और विज्ञान को अपनी प्रतिभा से जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प समस्त उपाधी प्राप्तकर्ता विद्यार्थी लें। विद्यार्थी प्रयास करें कि वे अपने ज्ञान से वंचित लोगों का उद्धार करें। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि समाज और राष्ट्र की शिक्षा जगत पर बहुत सारी आशाएं टिकी हैं। आने वाले समय में भारत को विकसित बनाने में सभी विद्यार्थी अपना योगदान दें।

राज्यपाल एवं कुलाधिपति मंगुभाई पटेल ने कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन के पंडित सूर्य नारायण व्यास संकुल सभागृह में महर्षि पाणिनि संस्कृत वैदिक विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की। वैदिक ज्ञान के महत्व को विस्तारित करने के करें प्रयास राज्यपाल पटेल ने आह्वान किया कि वैदिक ज्ञान के उपयोग, महत्व और संभावनाओं विस्तारित करने के प्रयास करें।

राज्यपाल पटेल ने कहा कि कहा कि समय और शिक्षा का सही उपयोग ही व्यक्ति को जीवन में सफल बनाता है। राज्यपाल पटेल ने सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जीवन में सफल होने पर अपने माता–पिता, शिक्षकों, समाज को न भूलें। राज्यपाल पटेल ने विश्वविद्यालय से प्रकाशित पुस्तकों का विमोचन किया। उन्होंने योग, आयुर्वेद, संस्कृत एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के क्षेत्र में विगत 35 वर्षों से अनवरत सेवारत तथा अविस्मरणीय योगदान देने के लिये महर्षि पतंजलि विश्वविद्यालय हरिद्वार के कुलपति आचार्य बालकृष्ण और नृत्य, नाट्यशास्त्र, संस्कृत एवं भारतीय जान परंपरा के क्षेत्र में अनवरत साधनारत, अध्यक्ष केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली डॉ. संध्या पुरेचा को महामहोपाध्याय (डी.लिट.) की मानद उपाधि से विभूषित किया।

# पशुपालन राज्य मंत्री पटेल ने किया बुल मदर फार्म का निरीक्षण



**भोपाल।** पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री लखन पटेल द्वारा सोमवार को बुल मदर फार्म एवं भ्रूण प्रत्यारोपण प्रयोगशाला, भोपाल का निरीक्षण किया गया। उन्होंने विभिन्न नस्लों गिर, थारपारकर एवं राठी नस्ल की गायों को देखा और फार्म पर किये जा रहे विभिन्न कार्यों के बारे में डॉ. राजू रावत, प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम एवं डॉ. अमिताब बैनर्जी, प्रबंधक, बुल मदर फार्म से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान राज्य मंत्री पटेल ने मदर फार्म एवं भ्रूण प्रत्यारोपण प्रयोगशाला के शेड की छतों पर सोलर पैनल लगवाने के निर्देश दिए, जिससे बिजली उत्पादन कर आय बढ़ाई जा सके। साथ ही आईवीएफ के आवर्ती व्यय के लिए राशि उपलब्ध कराने हेतु परियोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। प्रबंध संचालक डॉ. राजू ने बताया कि विभागीय मंत्री द्वारा पूर्व में भ्रमण के दौरान बुल मदर फॉर्म के सुदृढ़ीकरण एवं नए पशु लाने के निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देशों के अनुपालन में प्रोजेक्ट तैयार कर लिया गया है, जिसे भारत सरकार को भेजे जाने हेतु बैठक में रखा जायेगा। इसी प्रकार अधिक दुग्ध उत्पादन हेतु पशुओं को साइलेज खिलाने के निर्देश भी दिए गए थे। इस संबंध में पशुपालन विभाग द्वारा निविदा की कार्यवाही कर साइलेज के दाम प्राप्त किए गए हैं। उन्हीं दामों पर पशुओं के लिए साइलेज क्रय करने की कार्यवाही की जा रही है।

# यूरोलॉजी शिविर का समापन, डॉक्टरों और चिकित्सा कार्मिकों का सम्मान



**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम नगर स्थित सेवा सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में लगाया गया 100वां नि:शुल्क यूरोलॉजी शिविर संपन्न हो गया है। इस बार 536 मरीजों का पंजीयन कर उनकी जांचें की गई। कैम्प में आये डॉक्टर्स ने इन मरीजों का परीक्षण, पैथालॉजी, एक्सरे, सोनोग्राफी और फिटेनस जांच करने के पश्चात कुल 70 मरीजों के ऑपरेशन किए। यह शिविर जीव सेवा संस्थान के सहयोग से लगाया गया। ऑपरेशन के अलावा अन्य 466 मरीजों का डॉक्टर्स द्वारा परीक्षण कर इनका नि:शुल्क इलाज किया गया। ऐसे मरीजों को 15 दिन की दवाईयां मुफ्त में प्रदान की गई। डॉक्टरों ने मरीजों को बताया कि उनको ऑपरेशन की जरूरत नहीं है दवाईयों के नियमित सेवन से ही उन्हें रोगव्याधि से फायदा होगा। शिविर के अंतिम दिन संत सिद्ध भाऊ ने डॉक्टर्स, चिकित्सा कर्मियों और सेवादारों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कैम्प साल में दो बार लगना चाहिए ताकि अधिकाधिक जरूरतमंद मरीजों को पूरे सालभर इंतजार ना करना पड़े।

# देश की 5 सबसे अमीर महिलाएं, इनके पास है कुबेर का खजाना

**मुबई, एजेंसी।** भारत, जो आज दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। साल 2024 भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण साबित हुआ था, क्योंकि इस दौरान देश की अर्थव्यवस्था में अभूतपूर्व वृद्धि हुई थी और अब वह सबसे ज़्यादा अरबपतियों वाले देशों में तीसरे स्थान पर पहुंच चुका है।

सिटी इंडेक्स के एक अध्ययन के अनुसार, भारत न केवल अरबपतियों की संख्या में वृद्धि कर रहा है, बल्कि महिलाओं के लिए भी एक सशक्त केंद्र बनता जा रहा है। भारत अब दुनिया में पाँचवे स्थान पर है जहां सबसे ज़्यादा महिला अरबपतियों की संख्या है। मुकेश अंबानी, जो कि भारत के सबसे अमीर व्यक्ति हैं, यह तो सभी जानते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि भारत की सबसे अमीर महिला कौन हैं?

## बिजनेस की दुनिया में रचा है इतिहास



**सावित्री जिंदल:** सावित्री जिंदल, ओपी जिंदल ग्रुप की चेयरमैन हैं और इस समय भारत की सबसे अमीर महिला हैं। उनकी कुल संपत्ति 17 अरब डॉलर (लगभग 13,91,31,82,50,000 रुपये) है। सावित्री जिंदल का नाम फोर्ब्स की रियल टाइम बिलेनियर्स लिस्ट में 94वें स्थान पर है। वे ओमप्रकाश जिंदल की पत्नी हैं, जिनके निधन के बाद उन्होंने जिंदल ग्रुप का कारोबार संभाला। आज, वे न केवल अपने परिवार बल्कि पूरी दुनिया में अपनी सफलता के लिए जानी जाती हैं।

**रोशनी नादर मल्होत्रा:** रोशनी नादर मल्होत्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज की चेयरपर्सन और सीईओ हैं। उनके पास 84,330 करोड़ रुपये की संपत्ति है। उनके पिता, शिव नादर, भारत के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति हैं। रोशनी नादर ने अपनी मेहनत और नेतृत्व क्षमता से एचसीएल को ग्लोबल टेक्नोलॉजी कंपनी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**रेखा झुनझुनवाला:** दिवंगत राकेश झुनझुनवाला की पत्नी, रेखा झुनझुनवाला, भारत की सबसे अमीर महिलाओं में शुमार हैं। उनकी कुल संपत्ति 5.9 अरब डॉलर (लगभग 47,650.76 करोड़ रुपये) है। रेखा झुनझुनवाला की निवेश सूची में टाइटन, स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस और मेट्रो ब्रांड्स जैसी बड़ी कंपनियां शामिल हैं। उन्होंने अपने पति के साथ मिलकर शेयर बाजार में शानदार निवेश किया था।

**फाल्गुनी नायर:** फाल्गुनी नायर, ब्यूटी और फेशन इंडस्ट्री की जानी-मानी शख्सियत हैं। वे नायका की संस्थापक हैं और कंपनी में उनकी आधी हिस्सेदारी है। नायर की कुल संपत्ति 2.7 अरब डॉलर (लगभग 22,192 करोड़ रुपये) है। 2012 में नायका की शुरुआत करने वाली फाल्गुनी ने भारतीय बाजार में ई–कॉमर्स और ब्यूटी प्रोडक्ट्स को एक नई दिशा दी है। नायका के पास 1500 से ज्यादा ब्रांड्स का पोर्टफोलियो है।

**किरण मजूमदार शॉ:** किरण मजूमदार शॉ बायोकॉन की चेयरपर्सन और सीईओ हैं। उनका नाम भी भारत की सबसे अमीर महिलाओं की लिस्ट में शामिल है, जिनकी संपत्ति 2 अरब डॉलर (लगभग 16,438 करोड़ रुपये) है। उन्होंने 1978 में बायोकॉन की शुरुआत की थी, और आज यह कंपनी बायोटेक्नोलॉजी इंडस्ट्री में अग्रणी है।

स्वामी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक विनोद सिंह तोमर द्वारा तारा ऑफसेट प्रिटर्स शेड नम्बर 2, बीडीए के सामने, जिला भोपाल, मध्य प्रदेश से मुद्रित एवं 87,पुट्ठामिट गेट के सामने, छोला रोड, जिला भोपाल, मध्य प्रदेश से प्रकाशित। संपादक : विनोद सिंह तोमर मो. 7067515898 RNI NO. MPHIN/2015/61965 ( सभी विवादों का न्यायालयीन क्षेत्र भोपाल न्यायालय के अंतर्गत ही मान्य होगा।)